बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

सच की हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

सच की हुंकार



संस्थापक
स्व. श्री आर. के. शर्मा

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 12 अंक : 162 | गुरुवार 03 अक्टूबर 2024, गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

# ईरान और इजराइल के बीच जंग के असर... कई दिग्गज एयरलाइंस कंपनियों ने बदले रुट

**– कई एयरलाइंस कंपनियों ने रद्द कर दीं उड़ानें**




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान और इजराइल में तनाव बढ़ने का असर दुनियाभर में दिख रहा है। इस बीच विमानन क्षेत्र गहरा असर पड़ा है। मिडिल ईस्ट में जंग के बीच कई दिग्गज एयरलाइंस कंपनियों ने अपने रास्ता बदल लिया है या फिर सस्पेंड फ्लाइट्स की डेडलाइन को आगे बढ़ा दिया है। पहले इजराइल-फिलिस्तीन, फिर इजराइल और हिजबुल्लाह और अब इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष ने लुफ्थांसा से लेकर अमीरात तक की उड़ानों को प्रभावित किया है। एअर इंडिया ने भी दोनों देशों के बीच बढ़ते संघर्ष पर चिंता जाहिर की है।

वहीं कई एयरलाइनों ने इजराइल और लेबनान के लिए अपनी उड़ानों के निलंबन को आगे बढ़ा दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, लुफ्थांसा, केएलएम, अमीरात और स्विस एयरलाइंस सहित टॉप एयरलाइनों ने इजराइल, ईरान और लेबनान के लिए अपनी उड़ानों के निलंबन की घोषणा की है।

युद्ध बढ़ने की आशंका के चलते डच एयरलाइन केएलएम ने कहा है कि कंपनी ने क्षेत्र की नाजुक स्थिति को देखकर साल के अंत तक तेलअवीव के लिए अपनी सभी उड़ानें सस्पेंड कर दी हैं। रिपोर्ट में एयरलाइंस के प्रवक्ता ने हवाले से जानकारी दी गई है। बता दें कि अगस्त में केएलएम एयरलाइंस ने ऐलान किया था कि इजराइल के लिए सभी उड़ानें 26 अक्टूबर तक निलंबित की गई हैं, लेकिन अब इस डेडलाइन को बढ़ा दिया गया है।

वहीं जर्मन एयरलाइन लुफ्थांसा ने कहा कि वह 30 नवंबर तक बेरूत, 31 अक्टूबर तक तेल अवीव और 14 अक्टूबर तक तेहरान के लिए उड़ानें निलंबित कर रही है। इससे पहले दुबई की अमीरात एयरलाइंस ने गुरुवार की इराक, ईरान और जॉर्डन की उड़ानें कैंसिल की हैं और बेरूत की उड़ानों का निलंबन 8 अक्टूबर तक बढ़ाया है। कुवैत एयरलाइंस ने कुछ रूट्स को चेंज किया है, डेस्टिनेशन टाइमिंग पर असर पड़ा है। एयरलाइन ने कहा है कि यह जरूरी सुरक्षा उपायों के तहत किया गया फैसला है। ईरान एयर, इराकी एयरवेज, बहरीन स्थित गल्फ एयर और दोहा स्थित कतर एयरवेज ने भी अगली सूचना तक बेरूत के लिए सभी उड़ानें निलंबित कर दी हैं। वहीं एयर अरेबिया ने बेरूत के लिए अपनी सभी उड़ानें सस्पेंड कर दी हैं। फिलाय दुबई ने अपनी दुबई-बेरूत उड़ान को 7 अक्टूबर तक के लिए रद्द कर दिया है।

रॉयल जोर्डन ने मौजूदा स्थिति के बीच लेबनान की राजधानी के लिए उड़ानें निलंबित की हैं। आईटीए एयरलाइंस इटली ने तेल अवीव की उड़ानों के निलंबन को 31 अक्टूबर तक बढ़ा दिया है। ब्रिटिश एयरलाइन ने तेल अवीव की उड़ानों को 7 अक्टूबर तक रद्द कर दिया है। एयर फ्रांस ने भी घोषणा की कि उसकी पेरिस-तेल अवीव और पेरिस-बेरूत उड़ानें 8 अक्टूबर तक रद्द हैं।

इस बीच भारत की एअर इंडिया ने कहा कि हम मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष पर बारीकी से निगाह रखे हुए हैं और सुरक्षा जोखिमों का मूल्यांकन जारी है। कंपनी ने कहा है कि चाहे वह मिडिल ईस्ट हो या फिर रूट नेटवर्क के अन्य हिस्से सुरक्षा के लिए जरूरी एडजस्टमेंट किया जाएगा।

## मोदी-शाह की सोच में रोजगार देना नहीं, केवल भाषण देना है: खड़गे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीच बयानबाजी का अब एक नया दौर शुरू हो गया है, जिसमें दोनों नेताओं ने एक-दूसरे पर तीखे बाण चलाए हैं। यह विवाद उस समय बढ़ गया जब खड़गे ने जम्मू-कश्मीर में एक चुनावी सभा के में कहा था कि वह तब तक जिंदा रहेंगे जब तक पीएम मोदी को सत्ता से नहीं हटाया देंगे।

अब कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने फिर से केंद्र सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि मोदी-शाह की सोच में रोजगार देना नहीं, बल्कि केवल भाषण देना, फोटो खिंचाना और फीता काटना शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि जम्मू में सरकारी विभागों में 65 फीसदी पद खाली हैं और स्थानीय लोगों को नौकरियों से वंचित किया जा रहा है। यह बढ़ते आरोप-प्रत्यारोप आने वाले समय में राजनीतिक माहौल को और गरमा देंगे, जिससे यह स्पष्ट है कि दोनों दल अपने-अपने एजेंडों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

खड़गे ने जम्मू-कश्मीर में आयोजित सभा में मोदी की नीतियों पर निशाना साधते हुए कहा था पीएम मोदी जम्मू-कश्मीर आकर युवाओं के भविष्य के लिए झूठे आंसू बहा रहे हैं। असलियत ये है कि पिछले दस सालों में पूरे देश के युवाओं को अंधकार में धकेल दिया गया है। उन्होंने बेरोजगारी के हालिया आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि यह पिछले 45 सालों में सबसे ज्यादा है और इसके लिए मोदी जिम्मेदार हैं।

इस बयान पर अमित शाह ने खड़गे के बयान को घटिया और शर्मनाक बताया था। शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा था- खड़गे ने अपने भाषण में न केवल पीएम मोदी को घसीटा, बल्कि कांग्रेस के नेताओं और अपनी पार्टी के खिलाफ भी शर्मनाक बातें कहीं। शाह ने कहा कि इससे पता चलता है कि कांग्रेस के नेताओं में मोदी के प्रति कितना डर और नफरत है। शाह ने आगे कहा कि जहां तक खड़गे के स्वास्थ्य की बात है, पीएम मोदी उनके दीर्घायु और स्वस्थ रहने की प्रार्थना करते हैं। हम सभी प्रार्थना करते हैं कि वह 2047 तक विकसित भारत का निर्माण होते देखें।

## पान और गुटखा खाकर रोड पर थूकने वालों की अखबार में छापनी चाहिए फोटो, स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में नितिन गडकरी ने दिया आइडिया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने पान मसाला, गुटखा खाने और सड़क पर थूकने वालों से निपटने के लिए एक अनोखा आइडिया दिया। गडकरी ने कहा कि पान, मसाला और गुटखा खाकर सड़क पर थूकने वालों की फोटो खींचकर अखबार में छपवाई जाए। गडकरी गांधी जयंती पर स्वच्छ भारत को लेकर नागपुर नगर निगम द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। इसके अलावा, गडकरी ने सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी करने वालों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि हमारे देश के लोग बहुत होशियार हैं, चॉकलेट खाते हैं और उसके रैपर सड़कों पर फेंक देते हैं और वही व्यक्ति जब विदेश जाता है तो चॉकलेट का रैपर अपनी जेब में रखता है, विदेश में अच्छा व्यवहार करता है और यहां सड़क पर फेंक देता है।

गडकरी ने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि वह आजकल जब भी चॉकलेट खाते हैं तो घर पहुंचने के बाद चॉकलेट का रैपर फेंक देते हैं. पहले उसे शराब पीने के बाद उसका रैपर बाहर फेंकने की भी आदत थी। पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने गांधी जयंती को स्वच्छ भारत के प्रतीक दिवस के रूप में समर्पित किया है। हर साल, सरकार और अन्य राज्य संस्थान इसके आसपास स्वच्छता अभियान (स्वच्छता अभियान) या कार्यक्रम आयोजित करते हैं। पीएम मोदी आज पंडारा पार्क के एक स्कूल पहुंचे और झाड़ू लगाकर इलाके में सफाई की। देशभर में ऐसे कई आयोजन किये गये. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी संसद परिसर में स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया।

## 10 प्र. सीटें आवंटित की जाएंगी, फडणवीस के वोट जिहाद वाले बयान के बाद अजित पवार ने मुस्लिमों को दिया आश्वासन

मुंबई । महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले एनसीपी–एपी प्रमुख अजीत पवार ने महायुति सीट बंटवारे के बाद अल्पसंख्यकों को 10 प्रतिशत टिकट देने की घोषणा की। महाराष्ट्र के बीड में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए पवार ने यह घोषणा की। अपने संबोधन के दौरान पवार ने कहा कि इस बार होने वाले चुनाव के संबंध में मैं अपने अल्पसंख्यक समुदाय को बताना चाहता हूं कि महायुति के सीट बंटवारे में एनसीपी को जो भी सीटें मिलेंगी, उनमें से 10 फीसदी मैं अल्पसंख्यक समुदाय को दूंगा। अपना बयान देते हुए उन्होंने बीजेपी विधायक नीतीश राणे पर निशाना साधते हुए कहा कि मैंने यह फैसला लिया है। मैं सभी जातियों और धर्मों को मानने वाले शिव–शाहू फुले का समर्थक हूं। डिप?टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को दावा करते हुए कहा कि हालिया लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में से 14 में वोट जिहाद देखा गया। पवार ने नाम लिए बिना कहा कि कुछ 'बेलगाम बयानवीर' अलग धर्म, संप्रदाय और समुदाय के खिलाफ बयान देते हैं अलग, यह सही नहीं है। उनका बयान ऐसे समय आया है जब उनके साथी उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फड़नवीस ने यह सुनिश्चित किया कि महायुति वोट जिहाद के कारण 48 में से 14 सीटें हार गई। जैसे–जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, महायुति में गठबंधन सहयोगी सीट बंटवारे पर बातचीत कर रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को मुंबई के सह्याद्रि गेस्ट हाउस में अजित पवार और प्रफुल्ल पटेल के साथ करीब एक घंटे तक बैठक की. गौरतलब है कि 288 सीटों वाली महाराष्ट्र विधानसभा के लिए नवंबर में चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग ने हाल ही में कई हितधारकों से मुलाकात की और बाद में घोषणा की कि विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है और चुनाव उससे पहले पूरा करना होगा।

## प्रशांत किशोर ने की जन सुराज पार्टी लॉन्च, कार्यक्रम में पहुंचे दिग्गज

*** मनोज भारती को बनाया कार्यकारी अध्यक्ष**




**पटना (एजेंसी)।** राजनीतिक पार्टियों के लिए चुनावी रणनीतिकार का काम करते-करते खुद राजनीतिक मैदान में उतरने वाले प्रशांत किशोर ने पटना में बुधवार को एक कार्यक्रम में अपनी नई पार्टी को लॉन्च किया है। उन्होंने अपनी राजनीतिक पार्टी का नाम जन सुराज रखा है और इसके कार्यकारी अध्यक्ष मनोज भारती को बनाया है। अब इससे बिहार के राजनीतिक गलियारे में क्या बदलाव आता है, यह देखने वाली बात होगी।

पार्टी लॉन्च कार्यक्रम में प्रशांत किशोर ने राजनीतिक भविष्य से जुड़ी बातें भी कीं। उन्होंने पटना के वेटनरी कॉलेज ग्राउंड में बुधवार को जमा हुए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत दिन से जन सुराज अभियान चलाया जा रहा है। पिछले करीब दो-ढाई सालों से यह चल रहा है। ऐसे में सभी लोग पूछ रहे कि हम पार्टी कब बनाएंगे। इसलिए आज आप सभी यहां पार्टी बनाने के लिए जुटे हैं। भगवान को धन्यवाद देना चाहिए, कि आज चुनाव आयोग ने आधिकारिक तौर पर जन सुराज को जन सुराज पार्टी के तौर से स्वीकार कर लिया है। इसी दौरान पूरे जोश के साथ पीके ने मौजूद जनता से सवाल किया- नाम ठीक है? यदि आप सभी मना करते हैं तो चुनाव आयोग के पास फिर से आवेदन दिया जाएगा, आप बताएं जन सुराज पार्टी नाम ठीक है? सभी ने अप्रूव कर दिया। इसी के साथ पीके का दावा, था कि मैदान में 5 हजार से ज्यादा नेता आए हुए हैं। इस पार्टी लॉन्चिंग कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र प्रसाद यादव, राजनयिक से नेता बने पवन वर्मा और पूर्व सांसद मोनाजिर हसन समेत अनेक मशहूर हस्तियां मौजूद थीं। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर मनोज भारती का नाम आगे बढ़ाया गया है, जो पदभार ग्रहण करने के साथ ही पार्टी के कार्यों को आगे बढ़ाने का काम शुरु करेंगे।

## लोकतंत्र को मजबूत बनाने में वकीलों का अहम योगदान : डॉ. कमल गुप्ता

**भाजपा प्रत्याशी डॉ. कमल गुप्ता ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया चुनाव प्रचार अभियान**



**संस्कार उजाला**

**हरियाणा/हिसार (गरिमा) :** देश की आजादी से लेकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में वकीलों का अहम योगदान रहा है। पंजाब केसरी व महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय ने हिसार को अपना कार्यक्षेत्र बना कर लंबे समय तक वकालत की इस कारण भी इसका इतिहास गौरवशाली है। यहां के वकीलों ने देश के निर्माण में अहम भूमिका निभाने का काम किया है। यह बात हिसार विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डा. कमल गुप्ता ने जिला बार एसोसिएशन के सेमीनार हॉल में वकीलों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वकीलों से भाजपा को सदैव पूर्ण सहयोग व समर्थन मिला है। इस बार भी उनको` पूरी उम्मीद है कि उनकी जीत में वकील अहम योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि वकील समाज का अग्रणी व्यक्ति होता और समाज को दिशा दिखाने का काम करता है। भाजपा ने हिसार व प्रदेश को विकास के मामले में आगे बढ़ाने का काम किया है। इसलिए इस बार भी वकील भाजपा को अपना समर्थन देकर सत्ता में लाने का काम करें। इसके अलावा भाजपा प्रत्याशी डॉ. कमल गुप्ता ने हरिराम सोनी, डॉ. जीआर गुप्ता, संजीव गुप्ता, डॉ. उमेश कालरा, विशाल, विजय कुमार, विजय कुमार, डॉ. श्रुति महता, एडवोकेट राजेश जैन, हितेश टूटेजा, जनक जांगड़ा, तिलोकचंद गोयल व डॉ. कपिल जैन के आवास व प्रतिष्ठान पर जनसंपर्क किया और लोगों से वोट की अपील की। डॉ. गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि हिसार की जनता शहर के विकास के लिए सोच समझकर वोट का उपयोग करे। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा सरकार व पिछली सरकारों के समय में किए गए कार्यों का मूल्यांकन करे। दस साल पहले हिसार क्या था और हिसार कहां खड़ा है। हिसार का विकास उनका हमेशा से लक्ष्य रहा है। इसी लक्ष्य को पूर्ण करने का काम उन्होंने पिछले दस सालों में किया है। इस अवसर पर अधिवक्ता राजेश जैन, अधिवक्ता संदीप चोपड़ा, अधिवक्ता विष्णु गोयल, अधिवक्ता सुरेन्द्र मोहन आनंद, अधिवक्ता रीटा नागपाल, अधिवक्ता लव आहूजा, अधिवक्ता राजेंदर पंघाल, अधिवक्ता मानव सहगल, अधिवक्ता महेंद्र कनोडिया, अधिवक्ता विजय सहित काफी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## बरवाला विशाल रोड शो में शामिल होंगी दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी

**पंजाब और दिल्ली के प्रमुख मंत्री प्रो छत्रपाल सिंह के लिए करेंगे वोट अपील**






**संस्कार उजाला**

**हरियाणा/हिसार (गरिमा) :** आम आदमी पार्टी द्वारा 3 अक्टूबर को बरवाला में विशाल रोड शो का आयोजन किया जा रहा है। जिसका नेतृत्व दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी करेंगी। पूर्व मंत्री प्रो छत्रपाल सिंह, आम आदमी पार्टी हरियाणा के अध्यक्ष सुशील गुप्ता, हरियाणा की स्टार प्रचारक अनु कादियान, एमएलए पंजाब इंद्रबीर सिंह निर्जर, दिल्ली से विधायक राखी बिडलान सहित दिल्ली, पंजाब और हरियाणा के प्रमुख मंत्री और नेतागण काफिले में मौजूद रहेंगे और आम आदमी पार्टी के बरवाला हल्के से प्रत्याशी प्रो छत्रपाल सिंह के लिए वोट की अपील करेंगे। पिछली बार के सफल रोड शो के मद्देनजर एक बार फिर प्रो छत्रपाल सिंह अपने बरवाला हल्के की जनता से मुलाकात कर वोट देने की अपील करेंगे। रोड शो 3 अक्टूबर को सुबह 10 बजे दौलतपुर मोड़ बरवाला से शुरू होकर बरवाला के मुख्य बाजार से होते हुए बरवाला हल्के के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों व क्षेत्रों से होता हुआ गुजरेगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रेस प्रवक्ता अंकुर लीखा ने बताया कि सकड़ों मोटरसाइकिल और हजारों गाड़ियों का काफिला बरवाला क्षेत्र से गुजरेगा। जिसमे क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी, पंच, सरपंच, एमसी, एक्स एमसी, और 36 बिरादरी के सभी वर्गों के लोग हिस्सा लेंगे। सभी समर्थकों और मतदाताओं से अपील है कि बरवाला के विकास के लिए आप सभी को आगे आना होगा और रोड शो में शामिल होकर ये हुंकार भरनी होगी कि आप सब इस बार प्रो छत्रपाल सिंह के साथ हैं।

## 3500 सीढ़ियां नंगे पैर चढ़े तिरुपति मंदिर पहुंचे डिप्टी सीएम पवन कल्याण

तिरुपति । आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) के प्रसादम (लड्डुओं) में जानवरों की चर्बी मामले में डिप्टी सीएम पवन कल्याण की 11 दिन की प्रायश्चित दीक्षा जारी है। इस बीच पवन ने प्रायश्चित के तहत 1 अक्टूबर से तीन दिनों के लिए तिरुपति मंदिर यात्रा पर हैं। वे 3 अक्टूबर तक चप्पल या जूता नहीं पहनने वाले है। उन्होंने 1 अक्टूबर की देर रात तिरुमाला पहुंचने के बाद तिरूपति के अलीपिरी के रास्ते करीब 3500 सीढ़ियां नंगे पैर चढ़ीं। फिर गायत्री निलयम गेस्ट हाउस में रात गुजारी। पवन बुधवार को श्रीवारा में तपस्या की दीक्षा लेने वाले है। वह 3 अक्टूबर को दीक्षा खत्म होने के बाद वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन करने वाले है। बुधवार को पवन कल्याण की दोनों बेटियां भी तिरुपति पहुंची। छोटी बेटी पोलिना अंजनी कोनिडेला ने मंदिर जाने से पहले भगवान वेंकटेश्वर के प्रति अपनी श्रद्धा की घोषणा पत्र पर साइन किए। मंदिर के नियमों के अनुसार, गैर–हिंदुओं और विदेशियों को मंदिर में जाने से पहले देवता में विश्वास की घोषणा पर साइन करना होता है। पोलीना पवन कल्याण और उनकी तीसरी पत्नी अन्ना लेजनेवा की बेटी हैं। पोलीना और उनके अपने भाई मार्क प्रवासी भारतीय हैं। पवन कल्याण की पहली पत्नी रेनू देसाई से हुई बेटी आद्या भी पोलीना के साथ मंदिर गईं।

## [सुविचार]




### संक्षिप्त समाचार

### नवरात्रि में ये सरकार दे रही फ्री में 2 किलो आटा और 1 किलो चीनी

नई दिल्ली। राशन कार्ड धारकों के लिए केंद्र की मोदी सरकार की ओर फ्री राशन योजना चल रही है। इस योजना का लाभ सभी कार्ड धारक लेते हैं। वैसे राशन कार्ड गरीब और जरूरतमंद लोगों का ही बनाया है। अपने देश में अब भी राशन कार्ड से करोड़ों लोग अनाज लेते हैं। यह देखकर पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा सरकार ने राज्य के लोगों के लिए बड़ा तोहफा दिया है। जिसके तहत राज्य के लोगों राशन के साथ ही कुछ और भी फ्री देने की घोषणा की है। आगामी नवरात्रि को ध्यान में रखकर त्रिपुरा सरकार ने सभी राशन कार्ड धारकों को फ्री में 2 किलो आटा और 1 किलो चीनी देने का ऐलान किया है। इसके साथ–साथ राशन लेने वाले लोगों को दुर्गा पूजा से पहले 500 ग्राम सूजी भी फ्री में दी जाएगी। त्रिपुरा सरकार के तोहफे को लेकर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ये सब सामान पहले भी दिया जाता था। जिसके लिए रियायती दरें ली जाती थीं। हालांकि इस बार त्रिपुरा सरकार की ओर से नवरात्रि को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार फ्री में दे रही है। राज्य सरकार द्वारा किए गए त्रिपुरा सरकार के खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों के मंत्री सुशांत चौधरी ने कहा कि हमारी सरकार हर साल सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से सामान रियायती दरों पर उपलब्ध कराती है। लेकिन इस बार सरकार ने विशेष ऑर्डर के तहत लोगों को फ्री में देने लिया है। चूंकि बाढ़ से लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। यह ध्यान में रखते हुए ये निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही उपभोक्ता मंत्री चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार जल्दी ही पुराने राशन कार्डों को बदलकर स्मार्ट कार्ड में बदलेगी। इसके तहत सभी को नया राशन कार्ड जारी होगा।

### साहिबगंज में एनटीपीसी एमजीआर रेलवे ट्रैक को बम से उड़ाया

साहिबगंज। साहिबगंज में एनटीपीसी एमजीआर रेलवे ट्रैक को बदमाशों ने बम से उड़ा दिया है। इसमें ट्रैक का 470 सेंटीमीटर टुकड़ा क्षतिग्रस्त हो गया है। ब्लास्ट इतना जोरदार था कि रेलवे ट्रैक का हिस्सा 39 मीटर दूरी जा गिरा। ब्लास्ट के बाद ट्रैक में 770 सेंटीमीटर का गैप आ गया। वहीं 3 फीट गहरा गड?ढा हुआ है। मौके पर रेलवे और पुलिस के बड़े अधिकारी पहुंचे हुए हैं। घटना लगभग रात के 12 बजे की है। घटना के बाद कोयला लोड गाड़ी पोल संख्या42/2 के पास खड़ी है। वहीं घटना के संबंध में रेलवे नाइट गार्ड जीतेंद्र कुमार शाह ने बताया कि मेरी ड्यूटी इसी लाइन में शाम चार बजे से रात 12 बजे तक रहती है। मैं ड्यूटी में ही था। कई बार की जांच के दौरान में रात 10 बजे तक लाइन में किसी तरह की कोई हलचल नहीं थी। रात 12 बजे के करीब धमाके जैसी आवाज आई। हालांकि इस लाइन में पहले कभी इस तरह की घटना नहीं हुई तब लगा कि टायर फटा होगा। मेरी ही लाइन में घटना घटी इसका पता नहीं चल सका। ड्यूटी खत्म कर मैं घर चला गया। सुबह फोन पर जानकारी मिली की ऐसी घटना हुई है।

### मणिपुर में नगा समुदाय के दो पक्षों के बीच गोलीबारी...3 लोगों की मौत

नई दिल्ली । मणिपुर के उखरुल जिले में नगा समुदाय के दो पक्षों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें 3 लोगों की मौत हुई और 10 से ज्यादा घायल हैं। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 163, 2023 की उप–धारा 1 के तहत इलाके में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। अगले आदेश तक लोगों के घरों से निकलने पर रोक है। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्ष नगा समुदाय के हैं, लेकिन हुनफुन और हंगपुंग नाम के दो अलग–अलग गांव हैं। दोनों पक्ष एक ही जमीन पर दावा करते हैं। स्वच्छता अभियान के तहत विवादित जमीन की सफाई को लेकर दोनों गुटों के बीच हिंसा हुई। इलाके में असम राइफल्स को तैनात किया गया है। दूसरी तरफ, चुराचांदपुर जिले के लीशांग गांव के पास अज्ञात लोगों ने एक प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के टाउन कमांडर की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान जिले के कपरंग गांव के निवासी सेखोहाओ हाओकिप के रूप में की गई।

### ईरान पर इजराइल के घातक पलटवार से सहमी दुनिया

नई दिल्ली । मिडिल ईस्ट में चल रहे गंभीर तनाव के बीच, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ती तनातनी ने चिंता को बढ़ा दिया है। हाल ही में, इजरायल ने एक ऑपरेशन कर हिज्बुल्लाह प्रमुख को मार गिराया, जिसके बाद ईरान ने बदला लेने की धमकी दी थी। मंगलवार देर रात, ईरान ने इजरायल पर सैकड़ों मिसाइलें दाग दीं। इस हमले ने पहले से ही अस्थिर मिडिल ईस्ट की स्थिति को और अधिक जटिल बना दिया है। दोनों देशों के बीच बढ़ता तनाव केवल इजरायल और ईरान तक सीमित नहीं रह सकता, बल्कि इसका असर पूरी दुनिया पर होगा। सोशल मीडिया पर भी मुद्दे को लेकर गंभीर चर्चाएं हो रही हैं। कई लोग ईरान के साथ खड़े हैं, जबकि अन्य इजरायल के समर्थन में हैं। इस बीच, कुछ लोग लंबी जंग की आशंका को लेकर चिंतित हैं। वहीं ईरान के मिसाइल हमले के बाद, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान ने मिसाइल दागकर बहुत बड़ी गलती की है। उन्होंने सुरक्षा कैबिनेट की बैठक में कहा कि ईरान को इसके परिणाम भुगताना होगा। वहीं ईरान के हमले के बाद, दुनिया भर से मिली–जुली प्रतिक्रिया आ रही हैं। अमेरिका ने हमले की कड़ी निंदा कर इजरायल को सैन्य सहायता की पेशकश की है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजरायल को हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया है। वहीं, यूरोपीय यूनियन और संयुक्त राष्ट्र ने तनाव को कम करने और शांति बहाल करने की अपील की है। कुछ अरब देशों ने इस हमले के बाद क्षेत्र में संभावित बड़े संघर्ष की चिंता जाहिर की है, जबकि कुछ ने ईरान के समर्थन में खड़े होने का संकेत दिया है।



दैनिक संस्कार उजाला
न्यूज एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें



संस्कार उजाला समाचार पत्र में रिपोर्टर, ब्यूरोचीफ, मार्केटिंग करने वालों लोगों की जरुरत है। तुरंत संपर्क करे।

महेश शर्मा
प्रबंध संपादक
मो.नं:–9911733939



# इसलिए जरूरी है 'एक देश, एक चुनाव' का विचार




आर.के. सिन्हा

**क्या बाकी देशों में भी 'एक देश, एक चुनाव' वाली व्यवस्था लागू है ? अमेरिका, फ्रांस, स्वीडन, कनाडा आदि में 'एक देश, एक चुनाव' वाली स्थिति हैं। अमेरिका में हर चार साल में एक निश्चित तारीख को ही राष्ट्रपति, कांग्रेस और सीनेट के चुनाव कराए जाते हैं। भारत की ही तरह फ्रांस में संसद का निचला सदन यानी नेशनल असेंबली है। वहां नेशनल असेंबली के साथ ही संघीय सरकार के प्रमुख राष्ट्रपति के साथ ही राज्यों के प्रमुख और प्रतिनिधियों का चुनाव हर पांच साल में एक साथ कराया जाता है।**

'एक देश, एक चुनाव' का सपना अब तो साकार होता नजर आ रहा है। केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश में सभी चुनाव एक साथ करवाने के लिए बनी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कमिटी की रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया। मतलब यह कि अब देश में 'एक देश, एक चुनाव' की राह का सारा व्यवधान सारा सस्पेंस दूर हो गया है। पिछले दिनों गृह मंत्री अमित शाह ने भी अपने एक वक्तव्य में साफ किया था कि मोदी सरकार के इसी कार्यकाल में देश का यह सबसे बड़ा चुनाव सुधार लागू हो जाएगा। जैसे कि आपको ज्ञात ही होगा कि केंद्र सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में 'एक देश, एक चुनाव' पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अध्यक्षता में एक समिति बनाई थी। रामनाथ कोविंद कमिटी को जिम्मेदारी दी गई थी कि वह देश मे एक साथ चुनाव करवाने की संभावनाओं पर रिपोर्ट दे। अब कमिटी की सिफारिशों पर देश की सभी राजनीतिक मंचों पर इस पर चर्चा की जाएगी। सभी नौजवानों, कारोबारियों, पत्रकारों समेत सभी संगठनों से इस पर बात होगी। इसके बाद इसे लागू करने के लिए ग्रुप बनाया जाएगा। फिर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर इसे लागू किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल 15 अगस्त को स्वाधीनता दिवस समारोह के दौरान लाल किले से अपने भाषण में भी एक देश एक चुनाव की वकालत की थी। उनका कहना था कि देश में बार-बार चुनाव से विकास कार्य में बाधा आती है। किसी भी चुनाव की घोषणा होते ही अंतिम रिजल्ट नहीं आने तक कोई नया विकास कार्य शुरू ही नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा था कि 'एक देश, एक चुनाव' के लिए देश को आगे आना होगा। उन्होंने देश के सभी राजनीतिक दलों से भी आग्रह किया था कि देश की प्रगति के लिए इस दिशा में आगे बढ़े। यहां तक कि इसी साल हुए लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने इसे अपने चुनावी घोषणा पत्र में भी प्रमुखता से शामिल किया था।



बेशक, एक साथ चुनाव कराने से चुनाव प्रक्रिया की चुनाव पर होने वाले खर्च में कमी आएगी, क्योंकि कई चुनावों के लिए बार-बार तैयारी और कार्यान्वयन करने की आवश्यकता नहीं होगी। क्या आपको पता है कि कुछ माह पहले देश में हुए लोकसभा चुनाव में कितना खर्चा हुआ? 2024 के लोकसभा चुनाव पर 2019 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले करीब दोगुना से भी ज्यादा खर्चा आया। चुनावी खर्च पर रिपोर्ट जारी करने वाली गैर लाभकारी संस्था सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज ने अनुमान लगाया है कि इस बार लोकसभा चुनाव में करीब 1.35 लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में कुल खर्च 55 से 60 हजार करोड़ रुपये खर्च हुए थे। इस तरह देखा जाए तो इस बार दोगुने से भी ज्यादा पैसा चुनाव में खर्च किया गया है। अमेरिका ने भी साल 2020 में हुए राष्ट्रसपति चुनाव में करीब 1.20 लाख करोड़ रुपये ही खर्च किए थे। क्या आपको पता है कि 1951-52 में भारत के पहले चुनाव के दौरान महज 10.5 करोड़ रुपये था? चुनाव खर्च का एक बड़ा हिस्सा सोशल मीडिया प्रचार पर खर्च किया जाता है। भारतीय राजनेता मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए असाधारण और नए-नए तरीके अपना रहे हैं।

यह सबको पता है कि देश में बार-बार चुनाव होने से जनता और सरकारी अधिकारियों का समय और संसाधन बर्बाद होता है। एक साथ चुनाव कराने से यह सब नहीं होगा। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक स्थिरता में सुधार आएगा। क्योंकि, सरकार को बार-बार चुनावों की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। इसके साथ ही एक साथ चुनाव होने से प्रशासन पर भी काम का दबाव कम होगा और वे अपने काम पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। तो आप कह सकते हैं कि 'एक देश, एक चुनाव' से कई मसलों का हल हो जाएगा। चुनावों की अवधि कम हो जाने से, शासन और विकास कार्यक्रमों पर ध्यान बेहतर ढंग से केंद्रित किया जा सकेगा। यह जानना जरूरी है कि भारत में साल 1967 तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव एक साथ ही होते थे। साल 1947 में आजादी के बाद भारत में नए संविधान के तहत देश में पहला आम चुनाव साल 1952 में हुआ था। उस समय राज्य विधानसभाओं के लिए भी चुनाव साथ ही कराए गए थे, क्योंकि आजादी के बाद विधानसभा के लिए भी पहली बार ही चुनाव हो रहे थे। उसके बाद साल 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ ही हुए थे। यह सिलसिला पहली बार उस वक़्त टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी। साल 1967 के बाद कुछ राज्यों की विधानसभा जल्दी भंग हो गई और वहां प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने मनमाने ढ़ंग से राष्ट्रपति शासन लगा दिया। इसके अलावा साल 1972 में होनेवाले लोकसभा चुनाव भी समय से पहले कराए गए थे। साल 1967 के चुनावों में कांग्रेस को कई राज्यों में विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे कई राज्यों में विरोधी दलों या गठबंधन की सरकार बनी थी। इनमें से कई सरकारें अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाईं और विधानसभा समय से पहले भंग कर दी गई। वैसे यह बात भी है कि अगर लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराए जाएं तो इसके लिए मौजूदा संख्या से तीन गुना ज्यादा ईवीएम की जरूरत पड़ेगी। लेकिन, वह तो एक बार ही होने वाला खर्च होगा।

क्या बाकी देशों में भी 'एक देश, एक चुनाव' वाली व्यवस्था लागू है ? अमेरिका, फ्रांस, स्वीडन, कनाडा आदि में 'एक देश, एक चुनाव' वाली स्थिति हैं। अमेरिका में हर चार साल में एक निश्चित तारीख को ही राष्ट्रपति, कांग्रेस और सीनेट के चुनाव कराए जाते हैं। भारत की ही तरह फ्रांस में संसद का निचला सदन यानी नेशनल असेंबली है। वहां नेशनल असेंबली के साथ ही संघीय सरकार के प्रमुख राष्ट्रपति के साथ ही राज्यों के प्रमुख और प्रतिनिधियों का चुनाव हर पांच साल में एक साथ कराया जाता है। स्वीडन की संसद और स्थानीय सरकार के चुनाव हर चार साल में एक साथ होते हैं। यहां तक कि नगरपालिका के चुनाव भी इन्हीं चुनावों के साथ होते हैं। वैसे तो कनाडा में हाउस ऑफ कॉमंस के चुनाव हर चार साल में कराए जाते हैं, जिसके साथ कुछ ही प्रांत स्थानीय चुनाव को संघीय चुनाव के साथ कराते हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि भारत जैस देश के लिए 'एक देश, एक चुनाव' का विचार बहुत ही उपयुक्त और आदर्श है। पर दिक्कत यह है कि हमारे विपक्षी दल इतने शानदार विचार की बिना सोचे समझे राजनीतिक स्वार्थ साधने के चक्कर में निंदा करने लगे हैं। उम्मीद कीजिए कि वे भी अंत में सरकार का ही साथ देंगे।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

# आस्था पर सियासत

तिरुपति मंदिर लड्डू.विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू.को फटकार लगाई है। शीर्ष अदालत ने कहा कि आप संवैधानिक पद पर हैं। हम उम्मीद करते हैं कि भगवान को राजनीति से दूर रखा जाए। राजनीति और धर्म को मिलाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। नायडू.ने दावा किया था कि पिछली सरकार के दौरान तिरुपति लड्डू.बनाने में इस्तेमाल किया गया घी शुद्ध होने की बजाय जानवरों की चर्बी से युक्त था। अदालत का सवाल है कि जांच जारी है तो रिपोर्ट आने से पहले आप मीडि़या में क्यों गए। लड्डू.का स्वाद खराब होने की श्रद्धालुओं की शिकायत की बात उठने पर राज्य सरकार से सवाल किया कि आप कह सकते हैं कि टेंड़र गलत तरीके से दिया गया, मगर यह कहना कि मिलावटी घी प्रयोग किया गया, इसका सबूत कहां है। सबसे पहले आंध्र प्रदेश के सेशाचालम पर्वत पर स्थित तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के अधिकारी ने शुद्ध घी में वनस्पति तेल की मिलावट की बात उठाई। बाद में इसमें जानवरों की चर्बी होने की बात कर उन्होंने विवाद पैदा किया। नायडू.सरकार द्वारा दावा किया गया कि प्रसाद में मछली का तेल और बीफ चर्बी का इस्तेमाल परीक्षण के नमूनों में पाया गया। हालांकि यह लड्डू..मंदिर परिसर की गुप्त रसोई पोटू में बड़ी संख्या में तैयार किया जाता है। यही पवित्र लड्डू.रोज हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद के तौर पर पहले मुफ्त दिया जाता था, बाद में विभिन्न नियमों के साथ इसकी कीमत तय कर दी गई। यह बहुसंख्य देशवासियों की आस्था से जुड़ा मामला है। हालांकि तत्कालीन मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्.डी ने चंद्रबाबू पर राजनीति के लिए भगवान का प्रयोग करने और जनता का ध्यान सरकार के कामों से हटाने का आरोप लगाया। मंदिर की पवित्रता को ठेस लगाने वाली ये खबरें श्रद्धालुओं के लिए किसी सदमे से कम नहीं कही सकतीं। मगर जैसा शीर्ष अदालत ने कहा है कि धर्म को राजनीति से मिलाने की जरूरत नहीं है। आस्था-विश्वास के प्रति राजनीतिज्ञों को विशेष सतर्कता बरतनी सीखनी चाहिए। राजनीतिक लाभ के लोभ में धर्म का दुरुपयोगङ्क जनता को दिग्भ्रमित करने और समुदायों के दरम्यान दरारें ड़ालने वालों पर सख्ती की जानी आवश्यक है। सनसनी फैलाने वाले दोषमुक्त नहीं हो सकते। यदि वास्तव में किसी भी तरह की मिलावट हुई हैङ्क तो आस्था के साथ खिलवाड़.करने वालों को बख्शा नहीं जाना चाहिए।

## चिंतन-मनन

# क्षमा भाव आत्मसात करें

बुद्धि का अर्थ है नीर-क्षीर विवेक करने वाली शक्ति और ज्ञान का अर्थ है आत्मा तथा पदार्थ को जान लेना। ज्ञान का अर्थ है आत्मा तथा भौतिक पदार्थ के अन्तर को जानना। आधुनिक शिक्षा में आत्मा के विषय में कोई ज्ञान नहीं दिया जाता, केवल भौतिक तत्वों तथा शारीरिक आवश्यकताओं पर ध्यान दिया जाता है। फलस्वरूप शैक्षिक ज्ञान पूर्ण नहीं हैं। असम्मोह अर्थात संशय तथा मोह से मुक्ति तभी प्राप्त हो सकती है, जब मनुष्य झिझकता नहीं और दिव्य दर्शन को समझता है। वह धीरे-धीरे निश्चित रूप से मोह से मुक्त हो जाता है। क्षमा का अभ्यास करना चाहिए। मनुष्य को सहिष्णु होना चाहिए और दूसरों के छोटे अपराध क्षमा कर देना चाहिए।

सत्यम का अर्थ है तथ्यों को सही रूप में अन्यों के लाभ के लिए प्रस्तुत किया जाए। तथ्यों को तोड़ना-मरोड़ना नहीं चाहिए। सामाजिक प्रथा के अनुसार कहा जाता है कि वही सत्य बोलना चाहिए, जिससे दूसरे लोग समझ सके कि सच्चाई क्या है। कोई चोर है और यदि लोगों को सावधान कर दिया जाये कि अमुक व्यक्ति चोर है, तो यह सत्य है। यद्यपि सत्य कभी-कभी अप्रिय होता है, किन्तु कहने में संकोच नहीं करना चाहिए। सत्य की मांग है कि तथ्यों को यथारूप में लोकहित के लिए प्रस्तुत किया जाए। यही सत्य की परिभाषा है।

दम का अर्थ है इन्द्रियों को व्यर्थ विषयभोग में न लगाया जाए। अनावश्यक इन्द्रियभोग आध्यात्मिक उन्नति में बाधक है। मन पर भी अनावश्यक विचारों के विरुद्ध संयम रखना चाहिए। इसे शम कहते हैं। मनुष्य धन-अर्जन के चिन्तन में ही सारा समय न गवाए। यह चिन्तन शक्ति का दुरुपयोग है। मन का उपयोग मनुष्यों की मूल आवश्यकताओं को समझने के लिए किया जाना चाहिए। साधुपुरुषों, गुरुओं महान विचारको की संगति में रहकर विचार-शक्ति का विकास करना चाहिए। जो कुछ कृष्णभावनामृत के विकास के अनुकूल हो, उसे स्वीकार करे और जो प्रतिकूल हो, उसका परित्याग करे।

# कर्म से ही जीवन की गतिशीलता




ओपी श्रीवास्तव

कर्म से जीवन में गति आती है, मानसिक और शारीरिक सक्रियता आती है। यह रजोगुण के लक्षण हैं। इस स्थिति में मनुष्य नई कामनाएँ करता है और उनकी पूर्ति के प्रयास करता है। इसमें जीवन के संघर्ष, द्वंद्व व तनावों से सामना होता है। यह अनुभव होता है कि कोई भी कामना पूर्ति कुछ समय तक ही सुख देती है फिर उसका स्थान नई कामना ले लेती है और फिर वही दुष्चक्र प्रारंभ हो जाता है। कई ऐसी कामनाएँ होती हैं जो पूरे पुरुषार्थ से काम करने पर भी पूरी नहीं होतीं। तब मनुष्य को सृष्टि में अपनी तुच्छता और असमर्थता समझ में आती है और वह ईश्वर से सहयोग की प्रार्थना करता है। उसमें दूसरों को अपने जैसा समझने, उनका भला करने और सहयोग करने का भाव आता है। ऐसे कर्मों को गीता में यज्ञ कहा गया है। यह रजोगुण से सतोगुण में प्रवेश है। इस अवस्था में भगवान कहते हैं कि तुम मेरी ओर से, मेरे एजेंट के रूप में काम करो - निमित्तमात्रं भव सव्यसाचिन (11.33)। इसके बाद मनुष्य को अनुभव होता है कि वह निमित्त अवश्य है परंतु कर्ता भी स्वयं है। तब वह इससे भी मुक्ति चाहता है और जीवन का सारा भार भगवान्‍ पर छोड़ देता है झ सर्वधर्मान्‍ परित्यज्य मामेकं शरणं ब्रज (18.66) । इस अवस्था में वह तीनों गुणों से परे हो जाता है और उसके सारे कर्म ईश्वर प्रेरणा से संचालित होने लगते हैं। अब वह कर्म करता नहीं है उसके माध्यम से कर्म होने लगते हैं। यह कर्मयोग की सर्वोच्च स्थिति है। इसी अवस्था को प्राप्त करने का विचार वेदों के अंतिम भाग 'उपनिषद' में किया गया है । यह संग्रह से त्याग तक की यात्रा है। जीवन के चार आश्रम भी इसी क्रम में बने हैं। पहले 25 वर्ष ब्रह्मचर्य आश्रम में मेहनत करना, सेवा करना, विद्याध्ययन करना है। इसमें प्रकृति प्रदत्त तमस (आलस्य, अकर्मण्यता की स्वाभाविक प्रवृत्ति) समाप्त होती है। फिर 50 वर्ष की अवस्था तक गृहस्थ आश्रम में ज्ञान का व्यवहारिक उपयोग करना, संसार के उत्पादन में योगदान देना, धन संपत्ति अर्जित करके कामनाओं की पूर्ति करना है। यह रजोगुण की अवस्था है। फिर शुरू होती है वानप्रस्थ अवस्था जिसमें संसार से पृथक होने की तैयारी, समाज को अपने अनुभवों से मार्गदर्शन देना शामिल है। यह सतोगुण की अवस्था है। इसके बाद संन्यास आश्रम आता है जिसमें सब कुछ त्यागकर एकमात्र ईश्वर के लक्ष्य के लिए साधना करना है। यह तीनों गुणों से पार जाने की अवस्था है। गीता में भी भगवान्‍ ने अर्जुन से ऐसा ही आह्वान किया है - निस्त्रैगुण्यो भवार्जुन (2.45)। सारे वैदिक ग्रंथ इसी जीवनचर्या को अनुशंसित करते हैं। इसमें चमत्कारों और अंधविश्वासों के लिए कोई स्थान नहीं है। विवेकानन्द जी कहते थे कि लोग उनके पास साधु बनने के लिए आते थे तो वह उनसे पूछते थे कि तुम्हारे पास त्यागने के लिए अभी है क्या? न तो बलिष्ठ शरीर है, न धन है, न अहं है, फिर त्यागोगे क्या? वह कहते थे कि पहले कुछ अर्जित तो करो। पहले तमोगुण के पशुवत जीवन से निकलकर मनुष्य बनो तब तो साधु बनोगे। प्रसिद्ध संत प्रेमानंद जी महाराज के पास एक श्रद्धालु पीठ दर्द का इलाज पूछने गया तो उन्होंने कहा कि पीठ दर्द है तो डॉक्टर के पास जाओ, इसमें बाबा क्या करेगा? यही सत्यता है। पहले पुरुषार्थ से बल, धन, शक्ति की प्राप्ति, संग्रह और फिर श्रद्धा, जिज्ञासा और विवेक बुद्धि पर आधारित साधना से उनकी निरर्थकता की अनुभूति कर उनका लोक कल्याण के लिए त्याग। परंतु ज्ञान और तप से हीन, कुछ वाचाल कथावाचक अपना उल्लू सीधा करने के लिए श्रद्धालुओं को धर्म के प्रमाणित मार्ग से विचलित कर सीधे मोह माया के त्याग, चमत्कारों से सफलता की बात करके अकर्मण्य बना रहे हैं और अंधविश्वासों में उलझाए पड़े हैं। दुःख की बात यह है कि इनके कार्यक्रमों में लाखों लोग जा रहे हैं, कुछ टीवी चैनल धर्म के नाम पर चौबीसों घंटे इनकी ऊलजजूल बकवास को हिन्दुओं के मानस में भर रहे हैं। सनातनधर्म के मूल स्वरूप को बचाए रखने के लिए इस चुनौती का सामना करना आज के समय की आवश्यकता है।

# निर्मला के दामन पर वसूली का आरोप...?



मुस्ताअली बोहरा



चुनावी बॉन्ड से जबरन वसूली,
- सीबीआई-ईडी के बेजा उपयोग

सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स सहित अन्य ऐसी ही एजेंसियों के बेजा इस्तेमाल या दुरूपयोग के आरोप केन्द्र सरकार पर लगते रहे है। पिछले कुछ दशकों में और खासकर विधानसभा और लोकसभा चुनावों के कुछ पहले ये एजेंसियां सक्रिय होकर अपने टारगेट को जद में लेते रहीं हैं। इन एजेंसियों का निशाना अकसर विपक्ष के नेता और ऐसे ही कतिपय कारपोरेट कंपनियों के धनकुबेर रहे हैं। इस मामले में कई बार गैरभाजपाई राजनीति पार्टियों ने आवाज भी उठाई लेकिन ये आवाज दबकर रह गई। जब भी सीबीआई, ईडी या ऐसी ही एजेंसियों के दुरूपयोग की बात सामने आई तो इसे सियासी आरोप कहकर खारिज कर दिया गया। लेकिन इलेक्टोरेल बॉड के मामले और इसके बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित अन्य खिलाफ शिकायत दर्ज होने से अब सीबीआई-ईडी आदि पर लगने वाले आरोप कुछ हद तक सच्चे लगने लगे हैं। बेंगलुरु में चुने हुए प्रतिनिधियों के लिए नामित मैजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश के बाद इलेक्टोरल बॉन्ड के मुद्दे पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ जबरन वसूली और आपराधिक साजिश के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। हालांकि, इलेक्टोरल बॉन्ड वसूली मामले में वित्त मंत्री निर्मला सीतारण को राहत मिल गई है। कर्नाटक हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ मामले में जांच पर 22 अक्टूबर तक रोक लगा दी है। कर्नाटक बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष नलीन कुमार कटील ने निचली अदालत के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इलेक्टोरल बॉन्ड वसूली मामले में नलीन कुमार कटील सह-आरोपी हैं। इसी मामले में केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण को मुख्य आरोपी बनाया गया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने चुनावी बांड की आड़ में कुछ कंपनियों से जबरन वसूली की थी।

बेंगलुरू की एक विशेष लोक अदालत ने चुनावी बॉन्ड के जरिए उगाही की शिकायत पर सुनवाई करते हुए वित्त मंत्री सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। जनाधिकार संघर्ष परिषद के सह-अध्यक्ष आदर्श अय्यर की याचिका पर सुनवाई के बाद ये एफआईआर दर्ज की गई। इससे पहले मार्च में स्थानीय पुलिस को शिकायत दी थी जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। इस मामले में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कर्नाटक बीजेपी अध्यक्ष बीवाई विजेंद्र, बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नलीन कुमार कतील और पार्टी के अन्य पदाधिकारियों को भी आरोपी बनाया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि सीतारमण ने ईडी अधिकारियों की सहायता और समर्थन के माध्यम से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर दूसरों के लाभ के लिए हजारों करोड़ रुपये की जबरन वसूली की। उसने कहा कि चुनावी बॉन्ड की आड़ में पूरा जबरन वसूली का धंधा अलग-अलग स्तरों पर बीजेपी के अधिकारियों के साथ मिलकर चलाया गया।

कोर्ट को दी गई शिकायत में कहा गया है कि निर्मला सीतारमण ने ईडी के जरिए जेपी नड्डा और कर्नाटक के प्रदेश अध्यक्ष नलीन कतील के लाभ के लिए हजारों करोड़ रुपये की उगाही करने में मदद की। निर्मला सीतारमण ने विभिन्न कॉरपोरेट्स, उनके सीईओ, एमडी आदि के यहां छापे मारने, जब्ती करने और गिरफ्तारियां करने के लिए ईडी की सेवाएं लीं। ईडी की छापेमारी के डर से कई कॉरपोरेट कंपनियों, उनके सीईओ, एमडी आदि के यहां छापेमारी, जब्ती और गिरफ्तारी का डर दिखाकर कई करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड खरीदने के लिए मजबूर किया गया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि आरोपियों और संवैधानिक पदों पर बैठे कई अन्य लोगों, एमएनसी और टीएनसी कॉर्पोरेट कंपनियों के सीईओ और एमडी के साथ मिलकर चुनावी बांड की आड़ में जबरन वसूली की। शिकायत में 8,000 करोड़ रुपये से अधिक की रकम वसूलने का आरोप लगाया गया है। शिकायत में एल्युमिनियम और कॉपर की दिग्गज कंपनी मेसर्स स्टरलाइट एंड मेसर्स वेदांता कंपनी का उदाहरण दिया गया है, जिन्होंने अप्रैल 2019, अगस्त 2022 और नवंबर 2023 के बीच 230.15 करोड़ रुपये इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए दिए। वहीं मेसर्स ऑरोबिंदो फार्मा ग्रुप ऑफ कंपनीज ने 5 जनवरी 2023, 2 जुलाई 2022, 15 नवंबर 2022 और 8 नवंबर 2023 के बीच 49.5 करोड़ रुपये दिए। ये शिकायत सीआरपीसी की धारा 156 (3) के तहत दर्ज कराई गई है। जुमार्ने और जुमार्ने रहित सात साल से कम की कैद की सजा वाले अपराध के लिए अतिरिक्त चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट, बेंगलुरु का कोर्ट निर्धारित है। इन अपराधों के लिए आईपीसी की धारा 384 (जबरन वसूली), 120बी (आपराधिक साजिश) के साथ आईपीसी की धारा 34 (एक मकसद के लिए कई लोगों की एकसाथ मिलकर की गई कार्रवाई) के तहत शिकायत दर्ज की गई है।

फरवरी में सर्वोच्च अदालत ने चुनावी बॉन्ड योजना को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि यह संविधान के तहत सूचना के अधिकार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक और स्पष्ट रूप से मनमानीह्न करार देते हुए 15 फरवरी को एसबीआई को निर्देश दिया था कि वह 12 अप्रैल, 2019 से खरीदे गए बॉण्ड का पूरा विवरण निर्वाचन आयोग को सौंपे। न्यायालय ने आयोग को संबंधित विवरण 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करने का भी निर्देश दिया था। इस मामले में वित्त मंत्री सीतारमण को मुख्य आरोपी बनाया गया है। वहीं ईडी के अधिकारियों को दूसरे आरोपी के रूप में नामित किया गया है, इसके अलावा तीसरे आरोपी केंद्रीय कार्यालय के पदाधिकारी हैं। एफआईआर में चैथे नंबर पर कर्नाटक बीजेपी के पूर्व सांसद नलिन कुमार कतील का नाम है। बीजेपी अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र भी मामले में पांचवें आरोपी हैं। छठे आरोपी के तौर पर प्रदेश बीजेपी पदाधिकारियों का नाम हैं। कुल मिलाकर, मामला अब न्यायालय में है। कर्नाटक हाईकोर्ट ने भले ही दर्ज एफआईआर पर आगे की जांच के लिए रोक लगा दी हो लेकिन अब सियासत तेज हो गई है। मामला सीधे वित्त मंत्री से जुड़ा है और आरोपों की जद में सीबीआई-ईडी भी है लिहाजा विपक्षी दलों को केन्द्र सरकार को घेरने का मौका मिल गया है। विपक्षी पार्टियों के आक्रमण की तलवार की धार जो कुछ कुंद हो गई थी वो इस मामले से धारदार तो हो ही जाएगी।

# मकसूदापुर मिल में धूमधाम से मनायी गयी गांधी जयंती



संस्कार उजाला

**बंडा (शाहजहांपुर)।** वड़ा,,,राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा व धूमधाम के साथ मनाई गई ।इस अवसर पर बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड व बजाज एनर्जी में गांधी जी व शास्त्री जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड मकसूदापुर के युनिट हेड आर बी खोकर व बजाज एनर्जी के युनिट हेड समीर सावंत ने प्रशासनिक भवन में गांधी जी व शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए, तथा उनके आदर्शों का पालन करते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प दिलाया। यूनिट हेड ने गांधी जी और शास्त्री जी के जीवन से सीख लेने के लिए उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा की हम सभी को चाहिए स्वच्छता, सफाई सादगी एवम सादा जीवन उच्च विचार को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से फरहान शाहिद,दिनेश, मनोज श्रीवास्तव, प्रवीन सक्सेना, ज्ञान प्रकाश सहित काफी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने टीबी मुक्त घोषित 51 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को किया सम्मानित



संस्कार उजाला

**शाहजहांपुर/** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत वर्ष-2023 में टीबी मुक्त घोषित 51 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को महात्मा गांधी जी की कास्य की मूर्ति एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित व उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बधाई देते हुए ग्राम प्रधानों से कहा कि ग्राम पंचायत को टीवी मुक्त करना बहुत अच्छी बात है इसको इसी तरीके से बनाए रखना है। इससे अन्य ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान भी अपने ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त करने के लिए प्रेरित होंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि गांव की समस्या हल करने में ग्राम प्रधानों के जिला प्रशासन के सहयोग की बहुत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आप सबके माध्यम से लोगों की समस्या सुनकर अच्छे ढंग से निस्तारित की जाएगी। किसी को भी कोई समस्या हो तो 10 :00 बजे से 1 :00 कार्यालय आकर अपनी शिकायत कर सकता है। उन्होंने कहा कि दो न्याय पंचायतों पर एक अधिकारी की ड्यूटी लगाई है जो प्रत्येक बृहस्पतिवार को गांवों में जाकर शाम 4 :00 बजे से 7 :00 तक ग्राम चौपाल में समस्याओं को सुनेंगे और लोगों से वार्ता कर वहां की सभी प्रकार की स्थिति को दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि शिकायत ग्राम चौपाल में दर्ज कर दें जिसका निस्तारण गुणवत्तापरक कराया जाएगा। उन्होंने ग्राम प्रधानों से कहा कि प्रत्येक गांव में बरगद, पाकड़ एवं पीपल के पेड़ अवश्य लगाएं और अच्छे ढंग से देखरेख करें। पेड़ बड़े होने पर कई सौ वर्षो तक ऑक्सीजन एवं छाया प्रदान करेगा। कोई भी प्लास्टिक बोतलों का प्रयोग ना करें और अनावश्यक कागजों को भी खराब ना करें। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम प्रधान संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत गांवों में फागिंग, एंटी लारवा छिड़काव आदि कार्य अपनी देखरेख में जहां आवश्यकता हो वहां पर कराएं। उन्होंने कहा कि आप सब लोग प्रशासन के अंग हैं आपके सहयोग से ही ग्राम पंचायत में बदलाव होगा। उन्होंने कहा सभी लोग अच्छा कार्य करें अच्छे कार्य का बहुत ही महत्व होता है। ग्राम प्रधान गौशालाओं पर विशेष ध्यान दें और जहां आवश्यकता हो वहां पर और गौशालाओं का निर्माण कराएं। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों से कहा कि हम आपके कार्य लिए हमेशा तैयार हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आरके गौतम ने कहा कि समस्त संचारी रोग नियंत्रण अभियान में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि गांवों में किसी प्रकार की कोई भी बीमारी होने पर संबंधित सीएचसी एवं पीएससी को सूचित करें तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# शहीद उधम सिंह इंटर कॉलेज में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को किया गया नमन।

महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से लें प्रेरणाझ सरबजीत सिंह संधू





संस्कार उजाला

**जनपद शाहजहांपुर**

**खुटार** रामपुर कला में 2 अक्टूबर (गांधी /शास्त्री जयंती) के अवसर पर प्रधानाचार्य सर्वजीत सिंह संधू ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की विद्यार्थी इन दोनों महान विभूतियों से प्रेरणा लें और देश के विकास उन्नति एवं समृद्धि में अपना योगदान दें ,उक्त कार्यक्रम में उपस्थित विजयपाल सिंह (उप प्रधानाचार्य ) अनुज कुमार गुप्ता, कुलदीप मिश्र, पंकज सिंह, संतोष मिश्र अमित कुमार शिव कुमार शिव प्रसाद, प्रिंस वर्मा रमाकांत दिनेश पवन कुमार अजीत कुमार अतुल कुमार , कौशल कनौजिया, संदीप वर्मा, अजय कुमार, श्रीमती ममता पाल, श्रीमती रिम्पल कौर, श्रीमती मंदीप कौर, कु.पवन दीप कौर, कु.बलजीत कौर,कु. मनप्रीत कौर।, कु.मनप्रीत कौर।। दलजीत कौर, कु.स्वाती शर्मा, कु.अंजली पाल, कु संध्या वर्मा एवं कालेज के समस्त अध्यापक ,अध्यापिकाएं उपस्थित रहे, कार्यक्रम में सफल मंच संचालन राकेश कुमार जी ने किया।

## संक्षिप्त डायरी

### रुद्रा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी नानपुर हापुड़ ने गढ़मुक्तेश्वर में निकाली स्वच्छता ही सेवा जागरूकता रैली



संस्कार उजाला

जिला प्रभारी अमित शर्मा

**जनपद हापुड़** के तहसील क्षेत्र गढ़मुक्तेश्वर के ग्राम नानपुर में स्थित आज रुद्रा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी नानपुर में 2 अक्टूबर का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ! कार्यक्रम का प्रारंभ कॉलेज की प्राचार्या डॉ पूनम नागर, चीफ प्रॉक्टर शेंकी त्यागी एवम सभी अध्यापक अध्यापिकाओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी जन्मजयंती मनाई गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० पूनम नागर ने कहा कि आज का दिन बड़ा ही पवित्र दिन है! क्योंकि आज के दिन हमारे देश की विश्व विख्यात महान विभूतियों की जयंती है ! एक अहिंसा व शांति के देवदूत महात्मा गांधी और दूसरे सादगी और विनम्रता के पर्याय श्री लाल बहादुर शास्त्री जी! इस पावन अवसर पर प्राचार्य महोदया ने गांधी जी व शास्त्री जी के जीवन वृत्त से संबंधित प्रेरक प्रसंग सुनाए! प्राचार्या महोदया ने यह भी बताया कि बापू ने अहिंसा को एक ऐसे अमोघ अस्त्र के रूप में प्रयोग किया कि जिसकी काट अंग्रेज ढूंढ नहीं पाए और जिनके राज्य में कभी सूर्यास्त नहीं होता था! उन्हें हमारे देश को आजाद करना पड़ा बापू शांति व अहिंसा के पुजारी थे ! हमें गांधी जी के साहित्य उनके विचारों , सिद्धांतों को पढ़ें, स्वयं गांधीजी को पड़े ,उन्हें समझें और निष्पक्ष आकलन करके बताएं कि क्या सत्य अहिंसा निर्भयता एवं सत्याग्रह कारगर अस्त्र नहीं थे या हैं ! इस मोके पर चीफ प्रॉक्टर शेंकी त्यागी जी ने कहा कि आज अखिल विश्व गांधी जी को अपना आदर्श व प्रेरणा स्रोत मान रहा है ! तभी तो दुनिया यह कह रही है कि गांधीजी के विचारों से ही बारूद के ढेर पर बैठे इस संसार को बचाया जा सकता है! प्राचार्या महोदया ने शास्त्री जी को एक सच्चे देशभक्त व कर्म योगी की संज्ञा दी ! उनके जय जवान जय किसान नारे के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के उपरान्त प्राचार्या महोदया ने स्वच्छता ही सेवा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत छात्र-छात्रों की रैली को नगर पालिका परिषद् कार्यालय गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ के लिए रवाना किया। छात्र-छात्राओं और अध्यापक अध्यापिकाओं ने नगर पालिका परिषद् कार्यालय गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ के परिसर एवं आस पास के स्थानों को झाड़ू से साफ ,कचड़े की सफाई की और स्वच्छता ही सेवा जागरूकता के नारे लगाते हुए रैली निकाली। इस मौके पर विकास मोहन, विक्की चपराना, नूतन , उमेश मोरल एवम छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

### नगर पालिका गेट के पास अज्ञात युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा




संस्कार उजाला

रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा

**हापुड़**/हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिका गेट के पास एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिलने से दुकानदारों में मचा हड़कंप। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर विधिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज कर सभी पहलुओं से जांच करते हुए शिनाख्त का प्रयास शुरू कर दिया है।

### आरएसएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत मुख्य मार्गों पर सफाई अभियान चलाकर नुक्कड़ सभा के माध्यम से लोगों को किया जागरूक






संस्कार उजाला

रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा

**गढ़मुक्तेश्वर**/सिंभावली क्षेत्र में स्थित आर एस एम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत मुख्य मार्गो पर सफाई चलाने को लेकर नुक्कड़ सभा के माध्यम से जागरूकता आयोजित रैली को स्कूल प्रबंधक संदीप कुमार सिंधु एवं प्रधानाचार्य ग्रीष्मा कपूर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बता दें कि सिंभावली क्षेत्र में स्थित शिक्षा के मंदिर के रूप में अग्रणीय आर एस एम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा 2 अक्टूबर गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री तथा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में प्रतियोगिताओं तथा रैली का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में चित्रकला तथा निबंध लेखन का कार्यक्रम किया गया। चित्रकला में सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर नव्या सैनी द्वितीय स्थान पर नम्रा तृतीय स्थान पर सना सैफी रही। वहीं जूनियर वर्ग में सिद्धार्थ सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया द्वितीय स्थान फलक ने प्राप्त किया तृतीय स्थान पर इशिका पुंडीर रही। तथा निबंध लेखन में सीनियर वर्ग में प्रियम प्रथम स्थान पर रही द्वितीय स्थान पर अलीशा तथा नजफ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इसी के साथ विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के द्वारा स्वच्छता अभियान को लेकर एक कदम स्वच्छता की ओर नारे के साथ रैली को आगे बढ़ते रहे। तथा एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनता को स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान रैली का शुभारंभ। रैली के उपरांत विद्यालय प्रबंधक संदीप कुमार सिंधु, प्रधानाचार्य ग्रीष्मा कपूर ने भी बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान रैली रैली का संचालन करने में बच्चों के साथ-साथ विद्यालय अध्यापक अध्यापिकाएं संतवीर सिंह, नवनीत शर्मा, नासिर अली, अंकित शर्मा नीरज चौधरी, संजीव कुमार, निधि त्यागी, रितु गर्ग, प्रवेश चौहान, शिवानी शर्मा, सीमा मलिक, दीप्ति चीमा,शहजाद शेफी, सचिन निगम आदि अध्यापक अध्यापिका गण उपस्थित रहे’

### आर एस के इंटर कॉलेज में परिसर में एनसीसी कैडेट्स एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान



संस्कार उजाला

**गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के सिंभावली ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले हिम्मतपुर रोड पर स्थित शिक्षा के मंदिर आरएसके इंटर कॉलेज में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत एनसीसी कैडेट्स 38 बटालियन एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें स्वच्छता अभियान के अवसर पर प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव गोहित ने साफ सफाई के महत्व को समझाते हुए बताया कि स्वच्छता साफ-सफाई हमारे जीवन का मुख्य आधार है। स्वस्थ रहने को लेकर संक्रमित बीमारियों से बचने के लिए साफ सफाई रखना अति आवश्यक। स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स अधिकारी राकेश कुमार एवं राम सिंह पवार, 38 बटालियन एनसीसी हापुड़ हवलदार प्रमोद कुमार हवलदार कवलजीत सिंह उपस्थित रहे।

### डी एम ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर माल्यार्पण कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि



संस्कार उजाला

रिपोर्टर भूपेन्द्र वर्मा

**हापुड़**/हापुड़ कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर दोनों महापुरुषों को माल्यार्पण कर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि। बता दें कि हापुड़ कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा एडीएम संदीप कुमार अपर जिलाधिकारी न्यायिक सहित कलेक्ट्रेट कर्मचारियों के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं जय जवान जय किसान का नारा देने वाले भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री दोनों महापुरुषों की धूमधाम से जयंती मनाने का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए। दोनों महापुरुषों के द्वारा देश के लिए दिए गए बलिदान की गाथा से रूबरू कराते हुए उन्होंने के पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया।

### सिंभावली सहकारी गन्ना विकास समिति के डेलीगेट्स चुनाव में 173 प्रत्याशियों का भाग्य कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 3 अक्टूबर को मतपेटियों में होगा बन्द







संस्कार उजाला

रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा

**गढ़मुक्तेश्वर/** सिंभावली सहकारी गन्ना विकास समिति के 173 डेलीगेट्स प्रत्याशियो के चुनाव को लेकर गुरुवार की सुबह 8 बजे से आर एस के इंटर कॉलेज में भारी पुलिस बल की देखरेख में मतदान प्रारंभ होकर शाम 4 :00 तक संपन्न होगा। वहीं प्रशासन के द्वारा चुनाव संपन्न कराने के साथ सभी का भाग्य मतपेटियों में हो जाएगा बन्द। उसके उपरांत मत पत्रों की गणना शुरू कराने के साथ हार जीत का फैसला होगा तय। बता दें कि 3 अक्टूबर 2024 को सिंभावली सहकारी गन्ना विकास समिति के डेलीगेटों का चुनाव आरएसके इंटर कॉलेज में संपन्न होने जा रहा है। जिसको लेकर सिंभावली समिति सचिव राकेश पटेल ने बताया कि 3 अक्टूबर गुरुवार की सुबह को समिति के 45 गांवो के 86 डेलिगेट्स का चुनाव होगा। जिसमें 173 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। और 16343 मतदाता उनके भाग्य का फैसला करेंगे।समिति सचिव ने साथ ही बताया कि आरएसके इंटर कॉलेज सिंभावली में सुबह 8 :00 बजे से शाम 4 :00 बजे तक मतदान होगा। उसके बाद वोटो की गिनती और परिणाम घोषित होगा।

# तीर्थ नगरी ब्रजघाट में पितृ अमावस्या पर श्रद्धालुओं की आस्था का उमड़ा जन सैलाब





संस्कार उजाला

जिला प्रभारी अमित शर्मा

गढ़मुक्तेश्वर/जनपद की तीर्थ नगरी ब्रजघाट में पितृ अमावस्या पर आस्था की डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब। लाखों श्रद्धालुओं ने पितरों की विदाई करते हुए गंगा में लगाई आस्था की डुबकी। बता दे कि तीर्थ नगरीबृजघाट पर पितृ पक्ष अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। मन में आस्था लिए दिल्ली, राजस्थान हरियाणा और उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जनपदों से श्रद्धालु तीर्थ नगरी बृजघाट पहुंचे। हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार पितृ पक्ष को अमावस्या का बड़ा खास महत्व माना गया है। इस दिन गंगा स्नान करके श्रद्धालु अपने पितरों की शांति के लिए पिंड दान,तर्पण और उनकी आत्माओं की पूर्ण शांति के लिए के लिए पूजा पाठ करते हैं। जिन लोगों को अपने पित्रों की मृत्यु तिथि का पता नहीं होता है। वह भी पितृ पक्ष अमावस्या पर उनका श्राद्ध करते हैं। पित्र पक्ष अमावस्या को अश्विन अमावस्या और दर्श अमावस्या के साथ-साथ सर्व पित्र पक्ष अमावस्या भी कहा जाता है। पितृ पक्ष अमावस्या का बड़ा ही खास महत्व होता है। पितृ विसर्जनी अमावस्या के दिन ब्राह्मणों को भोजन कराने और दान देने से दिवंगत पितृों की आत्मा तृप्त हो जाती है।जो अपने वंशजों को वंश वृद्धि के साथ ही धन-धान्य और सुख शांति का आशीर्वाद देकर एक साल भर के लिए पितृलोक में वापिस लौट जाते हैं। मोक्ष दायिनी पतित पावनी गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के बाद जलधारा में खड़े होकर दिवंगत पितरों का पिंडदान और तर्पण करना बेहद शुभ माना जाता है। जिससे पितृ सर्वाधिक प्रसन्न होते हैं। आज के दिन श्रद्धालु गंगा घाटों पर आकर गंगा में आस्था की डुबकी लगाते हुए पूजा अर्चना कर अपने पितरों की शांति के लिए दान पुण्य भी करते हैं।प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर गंगा में बैरिकेडिंग एवं गोताखोरों की टीम भी लगाई गई। तो वहीं बड़ी संख्या में गंगा घाटों पर पुलिस बल की तैनाती भी देखीं गई। दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे को जाममुक्त रखने समेत श्रद्धालुओं की सुरक्षा और शांति व्यवस्था से जुड़े बंदोबस्त पूरी तरह चाक चौबंद कराए गए और रात 12 बजे से भारी वाहनों का रूट डायवर्जन किया गया। लेकिन दिन में फिर भी श्रद्धालुओं की बढ़ती आस्था के चलते नेशनल हाईवे पर जाम लग गया। जिसको पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहनों का आवागमन सुचारु कराया।

# सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर चित्र पर फूलमाल चढ़कर जयंती मानाई।




संस्कार उजाला

देव मेमौरियल पब्लिक स्कूल गढ़मुक्तेष्वर में राष्ट्रपिता कहे जाने वाले महात्मा गांधी का जन्मदिन 2 अक्टूबर को देशभर में गांधी जयंती के तौर पर मनाया जाता है. इस मौके पर देश भर में तरह तरह के कार्यक्रम होते हैं. आजादी की जंग में अहम भूमिका निभाने वाले मोहनदास करमचंद गांधी यानी बापू का जन्म इसी दिन हुआ था. अहिंसा को परम धर्म मानने वाले गांधी जी देश ही नहीं पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुके हैं. हर साल इस मौके पर स्कूल, कॉलेजों के साथ साथ सरकारी दफ्तरों में भी इस दौरान काफी प्रोग्राम होते हैं. आप भी इस मौके पर अपने दोस्तों और परिचितों को मैसेज और कोट्स भेजकर गांधी जयंती की बधाई दे सकते हैं. आज गांधी जयंती है. आज ही के दिन महात्मा गांधी का जन्म 1869 में गुजरात के पोरबंदर में हुआ था. महात्मा गांधी ने देश की आजादी में अहम योगदान दिया था. उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांत अभी भी प्रासंगिक हैं. गांधी ऐसी शख्सियत है जिनकी पूरी दुनिया में प्रतिष्ठा है. गांधी का नाम पूरी दुनिया में सम्मान के साथ लिया जाता है. पूरा देश आज लाल बहादुर शास्त्री जी को याद कर रहा है। वह भारत के दूसरे प्रधानमंत्री थे और व्यवहार से काफी एक विनम्र और समर्पित नेता थे। उन्हें आज भी उनकी सरल जीवनशैली, ईमानदारी और निष्ठा के लिए याद किया जाता है। शास्त्री जी का जन्म 2 अक्टूबर, 1904 को उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में हुआ था। एक गरीब परिवार में जन्मे शास्त्री जी के पिता देहांत तब हुआ था, जब वह सिर्फ डेढ़ साल के थे। उनकी मां ने बड़ी कठिनाई से उन्हें और उनके दो भाई-बहनों का पालन-पोषण किया। शास्त्री जी एक प्रतिभाशाली और महत्वाकांक्षी छात्र थे, जिन्होंने अपनी प्रतिभा के दम पर वाराणसी के एक राष्ट्रवादी विश्वविद्यालय काशी विद्यापीठ से ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की। वह महात्मा गांधी की शिक्षाओं से काफी प्रभावित थे और साल 1921 में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हो गए। भारत के दूसरे प्रधानमंत्री थे इस मौके पर स्कूल प्रबंधक श्री राजेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य श्रीमति मंजु चैधरी, स्कूल कॉडिनेटर योगेन्द्र सिंहं, उपप्रधानाचार्य युधिष्ठर सिंह यादव, प्रांजल सिंह, अशोक कुमार चौधरी, ब्रज सिंह,ममता चौधरी, शिप्रा, कविता चैधरी, क्रस्तुमेरी जर्मनी, शिव कुमार बाली, अरूण त्यागी, तनिष भड़ाना, रविन्द्र चौधरी, दुष्यंत कुमार, सुधा त्यागी, आकाश,सुषमा, गार्गी माहल , अनश लोग उपस्थित रहें।

### एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह की हापुड़ पुलिस का लंगड़ा ऑपरेशन जारी हापुड पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन बदमाश गोली लगने पर घायल हुए घायल



संस्कार उजाला

**थाना हापुड़** नगर कोतवाली क्षेत्रांर्तगत मौहल्ला मजीदपुर में मारपीट एवं फायरिंग की घटना को अंजाम देकर भाग रहे। बदमाशों और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से तीन घायल बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान किया गिरफ्तार। बता दें कि दिनदहाड़े हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र के मजिदपुरा में फायरिंग कर दहशत फैलाने की घटना को अंजाम देकर भाग रहे तीन बदमाशों को हापुड़ नगर कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने पर घायल तीन बदमाशों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। जिसमें गिरफ्तार बदमाशों पर थाना हापुड़ नगर में मारपीट दंगा करने व हत्या के प्रयास जैसे अपराधिक करीब आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के द्वारा इन बदमाशों की कुंडली खंगालने के साथ हापुड़ पुलिस ने अन्य जनपदों व थानों से भी उनके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। वही गिरफ्तार बदमाशो के कब्जे से एक अवैध पिस्टल मय जिन्दा व खोखा कारतूस .32 बोर, 02 अवैध तमंचा मय 03 जिंदा व 02 खोखा कारतूस व एक वेन्यू कार व 02 मोबाइल फोन बरामद। बाईट - जितेंद्र कुमार (डीएसपी नगर)

### मोक्षदाययनी पतित पावनी गंगा मैया के कम्मे घाट पर आस्था की डुबकी लगाते समय गोताखोरों की टीम ने कई श्रद्धालुओं को डूबने से बमाया




संस्कार उजाला

रिपोर्टर भूपेंद्रवर्मा

**गढ़मुक्तेश्वर/** तीर्थ नगरी गढ़मुक्तेश्वर में मोक्षदायनी पतित पावनी गंगा मैया के कच्चे घाट पर पितृ अमावस्या पर आस्था की डुबकी लगाने वालों का उमड़ा जन सैलाब। वही आस्था की डुबकी लगाने के दौरान मोक्षदायनी पतित पावनी गंगा मैया में डूबते हुए कई श्रद्धालुओं को डीपी निषाद के नेतृत्व में निशुल्क कार्य करने वाली गोताखोरों की टीम मे शामिल मुनेश निषाद कुलदीप निषद दीपक निषाद हिमांशु निषाद उत्तम निषाद ने कड़ी मस्कत के बाद बचाया।

# श्री शाकंभरी देवी दरबार में शीश नवाने से हो जाते हैं सर्व सुख संपन्न

## आज से शारदीय नवरात्र मेला होगा शुरू, उमड़ेगी भक्तों की भारी भीड़



संस्कार उजाला संवाददाता

**बेहट(सहारनपुर)** जनपद मुख्यालय से लगभग 45 किलोमीटर दूर शिवालिक पहाड़ियों के बीच स्थित उत्तर प्रदेश की विख्यात सिद्धपीठ श्री शाकंभरी देवी मंदिर देश के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। मान्यता है यहां शीश नवाने वाले श्रद्धालु सर्व सुख संपन्न हो जाते हैं। श्री शाकंभरी देवी का उल्लेख मार्कंडेय पुराण, दुर्गा सप्तसती, पदम पुराण, कनकधारा स्त्रोत आदि में मिलता है। मंदिर गर्भ ग्रह में माता शाकंभरी के साथ भीमा देवी, भ्रामरी व शताक्षी देवी सहित गणेश जी की प्रतिमा स्थापित है। इस पावन तीर्थ स्थल के निकट गौतम ऋषि की गुफा, प्रेतशिला, पंच महादेव के रूप में बड़केश्वर महादेव, मटकेश्वर महादेव, शाकेश्वर महादेव, कमलेश्वर महादेव, इंद्रेश्वर महादेव के भव्य मंदिरों के अलावा भूरादेव मंदिर, छिन्नमस्ता देवी मंदिर, रक्तदंतिका मंदिर आदि पवित्र स्थल स्थित है। सिद्धपीठ परिक्षेत्र से करीब 5 किलोमीटर दूर पहाड़ियों पर सहश्रा ठाकुर मंदिर स्थापित है। यह मंदिर प्राचीन काल में एक ही पत्थर तराश कर बनाया गया है। मुख्य मंदिर के निकट वीर खेत के नाम से प्रसिद्ध एक मैदान है। इस मैदान की मान्यता है कि माता श्री शाकंभरी देवी ने यहां महिषासुर नामक राक्षस का वध किया था। शाक से देवताओं की भूख मिटा कर कहलाई मां शाकंभरी मां भगवती का नाम शाकंभरी देवी प्रचलित होने के बारे में मान्यता है कि प्राचीन काल में दुर्गम नामक दैत्य ने ब्रह्मा जी की घोर तपस्या कर वरदान में चारों वेद मांग लिए थे। दैत्यों के हाथ चारों वेद लगने से सभी वैदिक क्रियाएं लुप्त हो गई थी। परिणाम स्वरूप 100 वर्षो तक वर्षा नहीं होने के कारण अकाल की स्थिति बन गई थी। चारों ओर त्राहि-त्राहि मच ने पर देवताओं ने शिवालिक पर्वत संख्या की प्रथम शिखा पर मां जगदंबा की घोर तपस्या की, देवताओं की करुण पुकार सुनकर करुणामई मां भगवती देवताओं के समक्ष प्रकट हुई। इस पर मां जगदंबा ने अपने शत नेत्रों से 9 दिन तक अश्रुवृष्टि की, इससे सुखी धरा लुप्त हो गई। सभी सागर एवं नदियां जल से भर गई। तभी से नवरात्रों की पूजा का प्रावधान माना गया है और मां जगदंबा को शताक्षी कहा जाने लगा। सराल है मां शाकंभरी का मुख्य प्रसाद सिद्धपीठ श्री शाकंभरी देवी मंदिर पर हलवा पूरी, इलायची दाना, नारियल चुनरी, मेवे और मिष्ठान का प्रसाद चढ़ाया जाता है। हालांकि वेदों में मान्यता है कि सिद्धपीठ श्री शाकंभरी देवी का प्रमुख प्रसाद सराल है, जो शिवालिक पहाड़ियों पर ही उगता है। मान्यता है कि देवताओं की भूख मिटाने के लिए मां शाकंभरी देवी ने शाक सराल आदि फल उत्पन्न किए थे, इसलिए सराल यहां का मुख्य प्रसाद माना जाता है । माता के दर्शनों से पहले बाबा भूरादेव की महत्ता जनश्रुति है कि देवताओं एवं दैत्यों के बीच चल रहे युद्ध के दौरान धर्म की रक्षा के लिए मां भगवती का परम भक्त भूरादेव अपने साथियों के साथ युद्ध में उतरा था। युद्ध के दौरान अपने भक्त भूरादेव को घायल देखकर करुणामई माता ने भूरादेव को वचन दिया था कि जो भक्त मेरे दर्शन से पूर्व तुम्हारे दर्शन नहीं करेगा उसकी यात्रा पूर्ण नहीं होगी। यही कारण है कि श्रद्धालु सर्वप्रथम बाबा भूरादेव की पूजा अर्चना करने के बाद ही माता श्री शाकंभरी देवी के दर्शन करते हैं। आज से है प्रारंभ होगा शारदीय नवरात्र मेला, तैयारियां पूर्ण सिद्धपीठ शाकंभरी देवी मंदिर परिक्षेत्र में वर्ष में तीन भव्य मेलों का आयोजन किया जाता है। जिनमें शारदीय नवरात्र, चैत्र नवरात्र एवं होली पर्व पर लगने वाला मेला मुख्य है। आज से शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो चुके है। मेला प्रथम नवरात्र से लेकर चतुर्दशी पर्व तक चलेगा। इस मेले में यूपी के अलावा हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड आदि प्रदेशों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। जिला पंचायत द्वारा मेले की सभी तैयारी पुरी कर दी गई है। मेले पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंदिर व्यवस्थापक राणा परिवार द्वारा व्यवस्थाएं दुरुस्त करा दी गई है।

# नागल में जगत बंधु सेवा ट्रस्ट द्वारा विकलांगों और बुजुर्गो को निशुल्क सहायक उपकरण वितरित किए गए

## सभी बुजुर्गो और विकलांगो से अनुरोध है कि इस सुविधा का लाभ उठाए: डॉ लवली कुमार बिरला

जगत बन्धु सेवा ट्रस्ट हमारे नागल में निशुल्क सेवा कर रही हैं जिसका हम सब को लाभ उठाना चाहिए:पत्रकार अजय त्यागी



संस्कार उजाला

नागल सहारनपुर

**अजय त्यागी नागल:** नागल रेलवे रोड पर स्थित जगतबंधु सेवा ट्रस्ट द्वारा हर बार की भांति एक कार्यक्रम का आयोजन रीबन काटकर किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे पत्रकार अजय त्यागी (संस्कार उजाला)और भारतीय किसान यूनियन तोमर के युवा जिला अध्यक्ष सौरभ त्यागी रहे।कार्यक्रम में विकलांगो और बुजुर्गो को उनके अनुरूप सहायक उपकरण वितरित किए गए।जगत बन्धु सेवा ट्रस्ट एक ऐसी संस्था है जो जरूरत मंदो को निशुल्क सहायक उपकरण प्रदान करता है।जगत बन्धु सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष लवली कुमार बिरला ने कहा कि सभी जरूरत मंदो को इस निशुल्क सेवा का लाभ उठाना चाहिए और सभी बुजुर्गो और विकलांगो से अपील की है आगामी 7 तारीख को दोबारा कैंप का आयोजन रखा जाएगा। जिसमें निशुल्क सहायक उपकरण बांटे जाएंगे आप सभी कार्यालय पर जाकर अपने रजिस्ट्रेशन कर ले। कार्यक्रम में प्रदान किए गए उपकरण 15 बैट्री वाली रिक्शा 2 हाथ वाली रिक्शा और 62 बुजुर्गो को कान की मशीन,कमर बेल्ट,घुटनो की बेल्ट,छड़ी,व्हील चेयर , स्टूल कंबोट,सिलिकॉन फोम,जैसे उपकरण निशुल्क वितरित किए गए।कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक रहे ट्रस्ट के अध्यक्ष लवली कुमार बिरला,सचिव अनुज कश्यप, कोषाध्यक्ष हरिओम प्रजापति,मोहम्मद नौशाद, रोहित पुहाल, प्राची, शीतल,सिद्धांत,अनुष्का,काजल, चिक्की और सोनिया शामिल रहे।

# संक्षिप्त डायरी

## हिंदू मुस्लिम एकता नस्लीय भेदभाव ओर महिला सशक्तिकरण के पुजारी थे महात्मा गांधी :डा .अरशद सम्राट



संस्कार उजाला

**नागल सहारनपुर**

**अजय त्यागी** 2 अक्टूबर 2024 को सम्राट इंटर कॉलेज मिमलाना रोड मुजफ्फरनगर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई जिसमें सभी अध्यापक अध्यापिकाओ व विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। विद्यालय के छात्र/छात्राओं के द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर विद्यालय में देश के बलिदान में अपना बलिदान देने वाले सभी शहीदों को याद करते हुए विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक एवं नाटक की प्रस्तुति दी।जिसमें विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ अरशद सम्राट ने बताया कि 2 अक्टूबर महान स्वतंत्रता सेनानी और आदर्शवादी नेता मोहनदास करमचंद गांधी की जयंती है। महात्मा गांधी, जिन्हें बापू के नाम से भी जाना जाता है, एक प्रख्यात नेता थे जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए प्रयास किया। अपनी उम्र के बावजूद, वह अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई के दौरान कई बार जेल गए। गांधी जी ने अपना पूरा जीवन देश के लिए दे दिया और अहिंसा के विचार को भारत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ने के लिए एक हथियार के रूप में दिया। इसके अलावा, स्वतंत्रता के लिए एक अहिंसक संघर्ष में भाग लेते हुए, उन्होंने हिंदू-मुस्लिम एकता, नस्लीय भेदभाव, अस्पृश्यता और महिला सशक्तिकरण के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने एक सादा जीवन व्यतीत किया लेकिन अपने देश को कभी नहीं छोड़ा। 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे ने उनकी निर्दयता से हत्या कर दी थी। आज स्वतंत्र भारत उन्हें और उनके बलिदानों को याद करता है और हमारे भीतर उनकी शिक्षाओं, नैतिकता, मूल्यों, सच्चे विश्वासों और अहिंसा के लिए हमेशा आभारी है। भारत के दूसरे प्रधानमंत्री ने लाल बहादुर शास्त्री यह कभी भारत को आजाद कराने में गांधी जी के साथ महत्वपूर्ण योगदान रहा है लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान जय किसान का नारा दिया। इस मोके पर विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ अरशद सम्राट विद्यालय स्टॉफ इरफाना अंजुम, शगुफा नाज, फातिया नाज, इकरा, फरीदा बानो, मोहम्मद शादाब, बुशरा परवीन, उजमा, एडवोकेट हिना, यासमीन, मोहम्मद सादिक, कासान, अमान, नसीम, आयशा, सानिया, हाफिज राशिद, राजेंद्र कुमार, अकरम, सजील इत्यादि उपस्थित रहे।

## फर्जी अस्पताल ,अल्ट्रासाउंड सेंटर,झोला छाप डॉक्टरों की वजह से मरीजो की जान जोखिम में

संस्कार उजाला /सुरेंद्र विश्वकर्मा

**सहारनपुर/** रामपुर मनिहारान तहसील में दर्जनों की संख्या में अवैध रूप से चल रहे नर्सिंग होम अल्ट्रासाउंड सेंटर, धड़ल्ले से संचालित हो रहे है,लेकिन धन्य है सहारनपुर का स्वास्थ्य विभाग,सीएमओ और नर्सिंग होम व अल्ट्रासाउंड सेंटर के नोडल अधिकारी गण जिनको ऐसे अवैध कारोबार को रोकने में कोई दिलचस्पी ही नही हो रही है । फर्जी अल्ट्रासाउंड सेंटर हो या नर्सिंग होम, ये जिले के स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों के आसपास,,महिला अस्पताल के आसपास भी धड़ल्ले से संचालित हो रहे है । जिम्मेदार सभी अधिकारी इन्ही रास्तो से रोज आते जाते है लेकिन लगता है कि उम्र ज्यादे हो जाने के कारण आंख की रोशनी कम हो जाने से अधिकारियों को दिख नही रहा होगा या किसी अन्य कारण से देख नही रहे होंगे , यह अधिकारी लोग ही बता पाएंगे । हम यह जरूर कह सकते है इस खेल में जरूर ऊपर वालो का मेल है, नही तो कब का इनका तेल निकल गया होता और धंधा बन्द हो गया होता । बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे अस्पताल व क्लिनिक के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का फरमान स्वास्थ्य महकमे के जिम्मेदार अधिकारियों को दिया गया है लेकिन इस फरमान का असर सहारनपुर जिले के स्वास्थ्य महकमे में नही दिखाई दे रहा है सहारनपुर स्वास्थ्य सुविधा व्यवस्था बेपटरी हो चुकी है जिले हालात ऐसे हो गए है यह बिना रजिस्ट्रेशन के अस्पताल व क्लीनिक धड़ल्ले से चल रहे अवैध तरीके से चल रहे अस्पताल में इलाज के दौरान कई लोगो की मौत हो चुकी है बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे अस्पताल संचालक दलालो के माध्यम से मरीज को अपने यह बुलाते है शड -- रामपुर मनिहारान बड़गांव नानौता अन्य स्थानों पर फर्जी तरीके से चल रहे क्लीनिक पर जिले के स्वास्थ्य महकमे के अधिकारियों की मेहरबानी भी साफ तौर पर देखी जा सकती है बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे अस्पताल की शिकायत कई बार राजनैतिक दलों के लोगो समेत समाजिक कार्यकर्ता द्वारा समय समय पर जिम्मेदार अधिकारियों से होती रहती है लेकिन स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी जांच बात कह कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल कर फर्जी अस्पताल संचालकों पर मेहरबानी कर देते है शड -- स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के मेहरबानी का नतीजा है कि क्षेत्र रामपुर बड़गांव मनिहारान नानौता में फर्जी तरीके से चल रहे अस्पताल अल्ट्रासाउंड सेंटर का धंधा फलफूल रहा है बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे अस्पताल संचालक ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को अपना शिकार बनाते है चाहे व डिलीवरी केस हो या अन्य कोई बीमारी। सीएमओ सहारनपुर से बात करने पर उन्होंने कहा मुझे कल जानकारीके देना लेकिन उसके बाद सीएमओ साहब फोन कर कई बार अवगत करा दिया है लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कोई भी कार्रवाई नहीं हो पाई है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश के बाद भी मीडिया की खबर लगने के बाद अब देखना यह है कि सहारनपुर स्वास्थ्य विभाग की नींद खुलता है या नहीं

## श्री कृष्ण इंटर कॉलेज सांकरा में महात्मा गांधी,वं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई



संस्कार उजाला न्यूज अलीगढ़

अलीगढ़ जनपद दादों क्षेत्र में श्री कृष्ण इंटर कॉलेज सांकरा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म दिवस मनाया गया इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य अशोक कुमार यादव ने गाँधी जी तुम्हे प्रणम्य हो- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आत्मविश्वास, ईश्वर के प्रति आस्थावान, जाति प्रथा के विरोधी, खादी के समर्थक, सत्य अहिंसा के पुजारी आदि मानवीय गुणों पर ओजस्वी भाषा में चर्चा की भेदभाव के खिलाफ संघर्ष के प्रतीक थे बापू दादों स्थिति मानव एकैडमी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई इस अवसर पर मानव अकादमी के संचालक भूपेंद्र भारत ने छात्रों को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी बापू और जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला बताया कि महात्मा गांधी जीवन पर्याप्त सामाजिक भेदभाव से लड़ते रहे महात्मा गांधी के बताए हुए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया महात्मा गांधी के आजादी आंदोलन के बारे में बताया कि कैसे गांधी जी की एक आवाज पर देश हित की जनता उनके साथ आजादी की लड़ाई में कूद गई और राजा महेंद्र प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष दिनेश यादव ने दोनों महापुरुषों को नमन किया इस अवसर पर आलमपुर पीजी कॉलेज की मांग का समर्थन किया हमारे क्षेत्र में उच्च शिक्षा का संस्थान ना होने से बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है सभी ने सरकार से मांग की आलमपुर पर विश्वविद्यालय और जिरौली पर कन्या महाविद्यालय का निर्माण कराया जाए इस मौके पर मुख्य अतिथि पीजी कॉलेज निर्माण संग्रह समिति के उपाध्यक्ष उमेश कुमार सपा ब्लॉक अध्यक्ष शरद यादव आदि लोग उपस्थित रहे

# संक्षिप्त डायरी

## जानलेवा : प्लास्टिक की बोतल,टिफिन में है केंसर!




संस्कार उजाला

**बडगांव सहारनपुर**

**सुरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा**

प्लास्टिक मे बिस्फिनाल ए (बी पी ए)नाम का कैमिकल होता है जो कोशिकाओं की सरचना में बदलाव करके कैंसर का खतरा बढ़ा देता है तथा प्लास्टिक मे एंडोक्रिन डिस्ट्रिक्ट्न नाम का जहर बनता है जो जो हमारे हारमोंस में असंतुलन पैदा करता है जिसके कारण हमारे हारमोंस ठीक से काम करना बंद कर देते हैं वहीं लंबे समय तक प्लास्टिक के बने बर्तनों में खाना खाने से कैंसर जैसी घातक बीमारी हो सकती है प्लास्टिक का इस्तेमाल हमारी जिंदगी में इतना बढ़ गया है कि भूख मिटाने के लिए परोसे गए गरम-गरम खाने से लोग थकान मिटाने वाले ठंडे-ठंडे पानी और चाय की चुस्कियां तक हमने जाने कितनी बार प्लास्टिक के बर्तनों का इस्तेमाल करते हैं ऑफिस ऑफिस में खाना गरम हो या आउटिंग पर खाना ले जाना हो किसी न किसी रूप में प्लास्टिक ही हमारा साथी होता है लेकिन क्या आप जानते हैं यही प्लास्टिक आपके शरीर में धीरे-धीरे खुल रहा है खाने के हर निवाला और पानी की हर घुट के साथ में जहर आपके शरीर के अंदर पहुंच रहा है यहां तक की सांस के जरिए भी अब प्लास्टिक के बारीक कण हमारे शरीर में अपनी जगह बना रहे हैं जो आपको बीमार करने के लिए काफी है कैंसर का खतरा: जानकार बताते हैं कि प्लास्टिक एक पॉलीमर है जो कि कई पदार्थों के मिश्रण से बना होता है प्लास्टिक बनाने के लिए नायलॉन, फिनोलिक का इस्तेमाल होता है पॉलिस्ट्रेइन पॉलिथाईलीन , पोलि विनाइल क्लोराइड का इस्तेमाल किया जाता है यूरिया फर्मो लैडहाईड समेत दूसरी चीजों से बनाया प्लास्टिक जो आपको ऑतो संबंधी बीमारी देने के साथ-साथ कैंसर का शिकार बना सकता है। धरती की आबो हवा हो रही है खराब:-प्लास्टिक के बढ़ते इस्तेमाल का असर धरती की अबो हवा पर भी पड़ रहा है धरती की शहर भी खराब हो रही है क्योंकि एक प्लास्टिक बैग को पूरी तरह से नष्ट होने में करीब 1000 साल लगते हैं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक सिर्फ भारत में हर रोज करीब 24.940 टन प्लास्टिक कचरा पैदा होता है इसलिए जरूरी है कि हम प्लास्टिक का काम से कम इस्तेमाल करें जिससे हम भी सहेतमंद रहेंगे और हमारी धरती भी ।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 155वी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की 120वीं जयंती कलेक्ट्रेट में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई..

*जिलाधिकारी ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर चढ़ाए श्रद्धा के पुष्प*

*डीएम ने महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर किया नमन*

*गांधी जी और शास्त्री जी के सिद्धान्तों और विचारों को हम सभी अपने जीवन में करें आत्मसात - मनीष बंसल*



संस्कार उजाला ब्यूरो

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में सत्य और अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 155वीं एवं ईमानदारी व सादगी के प्रतिमूर्ति पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की 120 वीं जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं हर्षोल्लास के साथ वातावरण मे कलेक्ट्रेट में मनायी गयी। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा प्रातः 09:00 बजे ध्वज फहराने के बाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर श्रध्दा के पुष्प एवं माल्यार्पण किया गया। इसके साथ ही अपर जिला अधिकारी (प्रशासन) डॉ0 अर्चना द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) रजनीश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार सहित अन्य सभी प्रशासनिक अधिकारीगणों व कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों एवं अन्य सम्भ्रान्त व्यक्तियों नें महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते हुये पुष्प अर्पित किया। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के बारे में जितना कहा जाए उतना कम है। लाल बहादुर शास्त्री जी ने देश को कठिन समय में सही दिशा दिखाई थी और दृढ़ निश्चय के साथ देश को समस्याओं से पार कराया था। खाद्य पदार्थों के संकट के समय उन्होंने देश के प्रधानमंत्री होने पर स्वयं दूध का सेवन छोड़ते हुए और अन्य खाद्य सामग्री में कमी करते हुए देश को संबोधित करते हुए कहा था कि हमें संयम रखते हुए अपने जीवन में बदलाव लाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि दूसरों पर नियम लागू करने से पहले स्वयं पर लागू करें। दोनों महापुरुषों के जीवन से सीखा जा सकता है कि दूसरों की मदद कैसे करनी है। उनके सिद्धान्तों एवं आदर्शों के व्यहारिक पक्ष को आत्मसात करना ही उनके प्रति हम सबकी सच्ची श्रद्धांजली होगी। उन्होंने गांधी जी के अहिंसात्मक नेतृत्व शैली, विचारधारा, सत्यनिष्ठा, देशभक्ति एवं शास्त्री जी के आत्मबल, दृढ़ विश्वास, सहज, सरल स्वभाव और अदम्य साहस पर प्रकाश डालते हुये उपस्थित लोगों से इन महापुरुषों की जीवन शैली एवं कार्यशैली से सीख लेकर उसे अपनी आदत में शामिल करने हेतु प्रेरित किया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 अर्चना द्विवेदी ने कहा कि महात्मा गांधी जी की जयंती सम्पूर्ण विश्व में अहिंसा दिवस के रूप में मनाई जाती है। उन्होंने गांधी जी के स्वदेशी, सत्य अहिंसा और स्वच्छता के संदेश पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाह्य स्वच्छता के साथ साथ अपने अंतर्मन को भी स्वच्छ रखना जरूरी है। जिससे हम लोगों की ज्यादा से ज्यादा मदद कर सकेंगे। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रजनीश कुमार मिश्र ने महापुरूषों को नमन करते हुए कहा कि समय बीतने के साथ गांधी जी के विचारों की प्रासंगिकता बढती जा रही है। गांधी जी का जीवन एक दर्शन है। उन्होंने कहा कि सादा जीवन उच्च विचार को अपने जीवन में आत्मसात करें यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। नगर मजिस्ट्रेट गजेंद्र कुमार ने सुख के सब साथी, दुख में न कोई.....गीत गाने के साथ महापुरुषों के बताए गए मार्ग पर कठिन से कठिन समय में चलने के लिए प्रेरित किया। दिव्यांग कुलदीप पाल ने रामधुन के साथ गॉधी जी का प्रिय भजन ह्यह्यरघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीता राम वैष्णव जन तै तेरे कहिए, पीर पराई जाने है.. गाया। जिलाधिकारी ने उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्वेता पांडे एवं डॉक्टर पूर्वा सहित अन्य वक्ताओं ने गांधी जी एवं शास्त्री जी के कार्यो, सिद्धान्तों और उनकी सरल जीवन शैली पर विभिन्न तरीकों, संस्मरणों और उदाहरणों को प्रस्तुत करते हुए अपने विचार व्यक्त किये। वक्ताओं ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के विचारों में अहिंसात्मक दृढ़ता, सादगीपूर्ण परन्तु महत्वाकांक्षी व्यक्तित्व, उनका जीवन दर्शन आदि पर अपने विचार व्यक्त करते हुये वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इसकी प्रासंगिकता की आवश्यकता पर जोर दिया। जिलाधिकारी द्वारा रविन्द्र कुमार प्रधान सहायक, पारस कुमार, विनोद कुमार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, संजीव कुमार इलेक्ट्रीशियन और श्री संजीव कुमार सफाई कर्मचारी को अपने पदीय एवं शासकीय दायित्वों का निर्वहन पूर्ण लग्न एवं निष्ठा से करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया!

# किसान सम्मान दिवस पर हजारों किसानों के बीच सरकार पर बरसे भा कि यू वर्मा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा।

## किसानों को उनकी फसलों का लाभकारी मूल्य दिलाने के लिए देश के किसान घेरेंगे दिल्ली को



संस्कार उजाला नेहा शर्मा

**सहारनपुर** नई दिल्ली आज यहां विजय घाट पर जय किसान जय जवान का नारा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद किसान सम्मान दिवस में हजारों किसानों को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि भारत माता के वीर सपूत किसानों और जवानों के आदर्श ईमानदार नेता पूर्व प्रधानमंत्री माननीय स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी के आदर्श और विचारों को आत्मसात करके देश के प्रधानमंत्री मोदी जी को देश के अन्नदाता किसानों के सभी कर्ज समाप्त करने चाहिए और किसानों को उनकी फसलों का लाभकारी मूल्य दिलाना चाहिए। किसानों और देश की उन्नति के लिए हरित क्रांति के जनक महान कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर एम एस स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू करके सभी फसलों की एम एस पी लाभकारी मूल्य के आधार पर तय की जाए। भगत सिंह वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश और देश मैं सबसे अधिक गन्ना उत्पादन होता है। जबकि केंद्र और प्रदेश की योगी सरकार गन्ना किसानों को गन्ने का लाभकारी मूल्य₹700 कुंतल तो दूर लागत मूल्य ₹550 कुंतल से भी कम मात्र ₹370 कुंतल का भी चीनी मिलों से गन्ना भुगतान समय से नहीं कर पा रही हैं। जिसके कारण किसानों पर लगातार कर्ज बढ़ता जा रहा है और देश के अन्नदाता किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं। भगत सिंह वर्मा ने कहा कि किसानों और मजदूरों की उन्नति के लिए मनरेगा योजना को सीधा खेती से जोड़कर किसानों को मजदूर उपलब्ध कराए जाएं 58 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग किसानों और मजदूरों को ₹10000 प्रति माह वृद्धावस्था पेंशन दिलाई जाए। भगत सिंह वर्मा ने कहा कि छोटे-छोटे राज्यों के निर्माण से ही देश की उन्नति संभव है इसलिए उत्तर प्रदेश को चार भागों में बांटकर पृथक पश्चिम प्रदेश का निर्माण किया जाए। भगत सिंह वर्मा ने लुटियंस जोन नई दिल्ली में बैठे हुए देश के बड़े नेताओं को चेताया कि यदि देश के अन्नदाता किसानों की सभी समस्याएं हल नहीं की गई तो एक बार फिर देश के लाखों अन्नदाता किसान अपनी समस्याओं के लिए दिल्ली में डेरा जमा लेंगे। और समस्याओं को हल कर कर ही घर जाएंगे। किसान सम्मान दिवस के अवसर पर विजय घाट पर भारतीय किसान यूनियन वर्मा के प्रदेश महामंत्री आसिम मलिक राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य रजत शर्मा जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह एडवोकेट संदीप चौधरी वसीम जाहिरपुर ने भी भाग लिया।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

## स्वच्छता मित्र,सफाई कर्मियों तथा स्वच्छता के क्षेत्र में जन सहभागिता बढ़ाने वाले पंचायत सहायकों को किया गया सम्मानित

✪स्वच्छता के लिए जनसहयोग आवश्यक सभी मिलकर करें प्रयास -राजीव गुंबर



संस्कार उजाला

**सहारनपुर,** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मनीष बंसल जिलाधिकारी अध्यक्ष जिला स्वच्छता समिति के निदेर्शानुसार स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत गांधी जयंती 2 अक्टूबर के अवसर पर स्वच्छता सम्मान समारोह का आयोजन जिला स्वच्छता समिति द्वारा विकास भवन स्थित सभागार में किया गया । स्वच्छता सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री राजीव गुंबर विधायक नगर सहारनपुर ने स्वच्छता मित्र सफाई कर्मियों तथा स्वच्छता के क्षेत्र में जन सहभागिता बढ़ाने वाले पंचायत सहायकों को सम्मानित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन को रेखांकित करते हुए इस बात पर अपील किया की स्वच्छता की दिशा में हम सबको मिलकर प्रयास करना है। श्री गुंबर ने भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा स्वच्छता की दिशा में किए जा रहे सराहनीय कार्यों का जिक्र करते हुए यह बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी के बताए रास्तों पर चलकर ही हम देश को स्वच्छ एवं विकसित बना सकते हैं। सबका साथ सबका विकास की बात पर जोर देते हुए अपील की हम सब मिलकर जनपद को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने में अपना योगदान दे। मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन ने स्वच्छता शपथ दिला कर उपस्थित प्रतिभागियो को विकसित भारत भारत बनाने के लिए अभिप्रेरित किया। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग के सहयोग से जिला गंगा समिति तथा जिला स्वच्छता समिति द्वारा आयोजित कराई गई चित्रकला प्रतियोगिता की उत्कृष्ट प्रविष्टिओ की चित्रकला प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम में इंद्रपाल सिंह उपायुक्त स्वत रोजगार, प्रणय कृष्ण पीडी डीआरडीए, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक शर्मा स्वच्छता सलाहकार संदीप सिंह आशीष सिंह ,देव भास्कर पांडे सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सडक सुरक्षा पखवाडा का हुआ शुभारंभ ,सडक सुरक्षा जागरूकता हेतु प्रचार वाहन के साथ एक भव्य बाईक रैली को जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

## वाहन चालको को वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट लगाए जाने के लिए किया गया जागरूक

☞यातायात नियमों की दी गई जानकारी

☞यातायात नियमों का स्वयं पालन कर, दूसरों को भी करें प्रेरित-मनीष बंसल

☞यातायात नियमों के पालन से बढ़ती है सुरक्षा-एसएसपी




संस्कार उजाला/ब्यूरो अशोक शर्मा

**सहारनपुर** ,सडक सुरक्षा पखवाडा दिनांक 02.10.2024 से 16.10.2024 तक मनाये जाने हेतु शासन द्वारा प्राप्त निदेर्शों के क्रम में सडक सुरक्षा के प्रति आमजनमानस में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से आज दिनांक 02.10.2024 को मनीष बसंल, जिलाधिकारी महोदय सहारनपुर एवं रोहित सिंह सजवाण, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर महोदय के निर्देशन मे जनपद सहारनपुर पुलिस लाईन परिसर में ₹सड़क सुरक्षा पखवाडा हेतु उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी द्वारा सभी वाहन चालकों को वाहन चलाते समय सीट बेल्ट / हेलमेट अवश्य लगाये जाने हेतु जागरूक किया गया। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा भी कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्यों से हेलमेट / सिट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाये जाने के साथ-साथ सभी यातायात नियमों का पालन करने एवं अन्य व्यक्तियों व परिवारजनों को भी यातायात नियमों क पालन करने हेतु प्रेरित करने का अनुरोध किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एम०पी०सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सहारनपुर द्वारा भी यातायात नियमों का पालन करने एवं सडक दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने वाले नेक आदमी (गुड समेरेटियन) के सम्बन्ध विस्तृत जानकारी सभी उपस्थित गणमान्यों को प्रदान कराते हुए नेक आदमी (गुड समेरेटियन) के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न स्कूलों के शिक्षक एवं छात्रों द्वारा भी सडक सुरक्षा के सम्बन्ध में अपने अनुभव साझा करते हुए ₹सडक सुरक्षा जीवन रक्षा₹ पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला के अन्त में सडक सुरक्षा जागरूकता हेतु प्रचार वाहन के साथ एक भव्य बाईक रैली का भी आयोजन किया गया, जिसको जिलाधिकारी महोदय द्वारा हरी झण्डी दिखाते हुए रवाना किया गया। उक्त दोपहिया रैली पुलिस लाईन परिसर से शुरू करते हुए शहर के मुख्य मार्गो यथा सदर तिराहा, विश्वकर्मा चौक, घण्टाघर, कलेक्ट्रेट तिराहा पर से होते हुए वापस पुलिस लाईन परिसर में समाप्त हुयी, जिसमें बडी संख्या में पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, एनसीसी कैडेट्स के साथ-साथ ट्रैफिक वार्डनों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में जिलाधिकारी महोदय सहारनपुर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सहारनपुर के साथ-साथ सिद्धार्थ वर्मा, पुलिस अधीक्षक (यातायात) सहारनपुर, देवमणी भारतीय, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सहारनपुर, एम०पी० सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सहारनपुर, के०एन०पाण्डेय व वी०वी० शुक्ला, यात्री/मालकर अधिकारी, सहारनपुर, लोक निर्माण विभाग व चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ बडी संख्या में ट्रैफिक वार्डन एवं एन०सी०सी० के कैडेटस व छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## संक्षिप्त डायरी

### आर.पी.एस.पी. के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा के आदेशानुसार लाल बहादुर शास्त्री एवं गांधी जयंती पर व्रक्षारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

**बांदा** जनपद में 02 अक्टूबर को लाल बहादुर शास्त्री एवं महात्मा गांधी की जयंती के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि० के तत्वाधान में व्रक्षारोपण कर जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम नगर क्षेत्र अंतर्गत कर्बला परिसर में संपन्न किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लाल बहादुर शास्त्री एवं महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया कार्यक्रम में नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला एवं प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी एवं की मुख्य उपस्थिति रही, और संगठन के पदाधिकारियों के साथ मिलकर व्रक्षारोपण का कार्य किया गया। इस कार्यक्रम में वन विभाग के दरोगा कमलेश कुमार राजपूत एवं धर्मेंद्र कुमार स्टेनो वन विभाग ने भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित की और वृक्षारोपण का कार्य संपन्न हुआ  कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष मदन गुप्ता एवं युवा जिलाध्यक्ष नीरज निगम के  सानिध्य में कार्यकर्म संपन्न हुआ। कार्यक्रम में करबला नं० 742 के अध्यक्ष पप्पू अहमद, रामचंद्र, लाला मंसूरी, शाहिद भाई, शामीउल्ला खान, मोहम्मद हसन, नसीर अहमद ने भी अपना सहयोग दिया। इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह बहुत ही सराहनीय कार्य आज राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि० के पदाधिकारियों के द्वारा किया गया है जिसमे हमने भी व्रक्षारोपण के कार्य में सहभागिता रखी, उन्होंने कहा कि आज हम सबको ज्यादा से ज्यादा व्रक्षारोपण करना चाहिए क्युकी आज इसकी बहुत आवश्यकता है। कार्यक्रम के अंत में संगठन के पदाधिकारियों ने नगर मजिस्ट्रेट का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कार्यक्रम में संगठन के  प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, जिलाध्यक्ष मदन गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष नीरज निगम,  शोभाराम कश्यप, धर्मेंद्र सिंह, मितेश कुमार, जीवेश प्रकाश, महिला विंग जिलाध्यक्ष रूपा गोयल, संध्या धुरिया, आमोद कुमार, पंकज शुक्ला, राजेंद्र मिश्रा, भगत सिंह, पूरन राय, उपेंद्र कुमार, श्रीकांत श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, पंकज बागवान, नवीन निगम, अरुण निगम, शैलेंद्र सिंह बुंदेला, सहित तमाम पदाधिकारी लोग उपस्थित रहे।

### केन जल आरती में नवरात्र पर्व को लेकर दी गई शुभकामनाएं



संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

**बांदा** में केन जल आरती कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक मंगलवार को गौ रक्षा समिति एवं गंगा समग्र के संयुक्त तत्वाधान में अनवरत जारी है। जिला मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मंगलवार को केन जल आरती कार्यक्रम के पश्चात सभी भक्तों ने एक दूसरे को आगामी नवरात्र के महापर्व को लेकर ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस दौरान समिति के जिलाध्यक्ष महेश प्रजापति के तत्वाधान में सभी ने मांग करते हुए कहा कि नवरात्र का पर्व 03 अक्टूबर से प्रारंभ होने जा रहा है जिसके अंतर्गत 10 दिनों तक प्रत्येक मंदिर के प्रांगण से एक किलोमीटर की दूरी तक की सारी मांस / मदिरा की दुकानें बंद रखी जाएं। वहीं विसर्जन कार्यक्रम को लेकर मांग की गई है कि केन नदी में जो भी श्रद्धालु लोग पूजा, हवन आदि डालते हैं वो सब नदी में न डालकर एक जगह एकत्रित करके रखते जाएं जिसको कार्यक्रम की समाप्ति के दौरान एक अलग स्थान पर व्यवस्थित करा दिया जाएगा। वहीं जिला प्रशासन से अपील की गई है कि नवरात्र पर्व में आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए सजग रहें और उचित व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। वहीं केन नदी की स्वच्छता को बरकरार रखने हेतु प्रशासन से अपेक्षा की गई है। इस दौरान केन जल महा आरती कार्यक्रम में जिला महामंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया, नगर अध्यक्ष ब्रजकिशोर द्विवेदी, सदर तहसील अध्यक्ष विनय प्रजापति, सुधीर प्रजापति सहित तमाम श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने ई-रिक्शा मालिकों/चालकों से साथ की गई समन्वय बैठक

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

**बांदा** में बुधवार 02 अक्टूबर 2024 को पुलिस लाइन बांदा में पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में ई-रिक्शा मालिकों एवं चालकों के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें शहर में सुरक्षा और सत्यापन से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का उद्देश्य शहर में ई-रिक्शा सेवाओं को और अधिक सुरक्षित एवं संगठित करना था। बांदा पुलिस की ओर से परिवहन विभाग से समन्वय स्थापित कर सभी ई-रिक्शा मालिकों एवं चालकों का पूर्ण सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। सत्यापन के उपरांत, प्रत्येक ई-रिक्शा को एक विशेष क्यूआर (दफ) कोड प्रदान किया जाएगा। यह क्यूआर कोड चालकों की सत्यापित पहचान के रूप में कार्य करेगा। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि केवल पात्र, कानूनन मान्य, और विश्वसनीय व्यक्ति ही ई-रिक्शा चला सकें। शहर में नाबालिगों द्वारा ई-रिक्शा चलाने की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। किसी भी नाबालिग को ई-रिक्शा चलाने की अनुमति नहीं होगी। ई-रिक्शा से संबंधित चोरी, लूटपाट, छेड़खानी और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए यह सत्यापन प्रक्रिया शुरू की जा रही है। सत्यापन से यह सुनिश्चित होगा कि केवल वे ही चालक ई-रिक्शा चलाएंगे जिनका चरित्र प्रमाणित हो और जो सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हों इससे शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में सहायता मिलेगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि समन्वय बैठक के बाद आगामी एक या दो दिनों में ई-रिक्शा क्यू-आर सेवाओं का शुभारंभ किया जाएगा। सभी ई-रिक्शा चालकों को आमंत्रित कर पूरी प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया जाएगा ताकि शहर की यातायात व्यवस्था और अधिक सुरक्षित हो सके। पुलिस अधीक्षक बांदा ने सभी ई-रिक्शा चालकों और नागरिकों से अपील की है कि वे इस पहल का समर्थन करें और यातायात नियमों का पालन करें। यह कदम शहर को अपराधमुक्त और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होने सभी ई-रिक्शा चालकों को आश्वस्त किया कि इस प्रकिया के लागू होने से उन्हे बेहतर लाभ होगा साथ ही वे विभिन्न प्रकार की प्रक्रियागत समस्याओं से बच सकेंगे। इस कदम से न केवल यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप प्रदान किया जा सकेगा बल्कि अपराधों विशेषकर महिला अपराधों की रोकथान में सहायता मिलेगी साथ ही यात्रियों का ई-रिक्शा चालकों पर विश्वास भी सुद्दढ़ होगा। यह प्रकिया ई-रिक्शा चालकों को एक एकीकृत डिजीटल प्लेटफार्म प्रदान करेगा जो उनके रोजगार को सहयोग प्रदान करेगा। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज, क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात राजवीर सिंह गौर, परिवहन विभाग के अधिकारी तथा काफी संख्या में ई-रिक्शा चालक उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने महात्मा गॉधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर किया पुष्प अर्पित।

संस्कार उजाला

ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता।

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155 वीं जयन्ती समारोह के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये, इस मौके पर जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये, इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी( नमांमि गंगे) रोहित यादव, उप जिलाधिकारी मुख्यालय प्रमोद तिवारी सहित अधिकारीगण व कर्मचारीगणों ने राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये और कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी की राम धून ह्यह्यरघुपति राघो राजा राम, पतित पावन सीता रामह्यह्य गाया गया, इसके पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी महोदय ने उपस्थित जन मानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जी भारत देश की ही नहीं पूरे विश्व की धरोहर के रूप में जाने जाते हैं, उन्होंने देश को आजादी दिलाने में अहिंसा का रास्ता अपनाते हुए कठिन संघर्ष करते हुए अंग्रेजों के शासन से मुक्ति दिलाते हुए देश को आजादी दिलायी, उन्होंने कहा कि देश के राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जी के संघर्षो को जीवन में आत्मसात करने के लिए जिन व्यक्तियों को जो भी जिम्मेदारी दी गयी है, उसका वह संम्यक निर्वाहन करें और समाज के अन्तिम पायदान पर रहने पर वाले व्यक्ति को लाभान्वित करने का हर संभव प्रयास करें, उन्होंने कहा कि मानवीय प्रवृत्ति है कि हम दूसरे को गुलाम बनाने का हर संभव प्रयास करते हैं, लेकिन खुद किसी का गुलाम बनना पसंद नहीं करते हैं, अधिकारियों व कर्मचारियों को संवेदनशील होते हुए व्यक्ति की समस्या को समझते हुए उचित ढंग से निराकरण करना चाहिए और जो जिस पद पर जहां कार्यरत हैं पूरी तत्परता के साथ अपने को जनसेवक मानते हुए जनता के कार्यों को पूरा करें, देश के मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्वच्छता ही संकल्प अभियान का शुभारंभ किया था, यह अभियान अब जन आन्दोलन अभियान के रूप में विकसित हुआ है स्वच्छता को अपनाने के कारण व्यक्ति अनेक बीमारियों से बच रहा है, जिलाधिकारी ने गांधी जी व पूर्व प्रधान मंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए त्याग, समर्पण, सेवा, सत्य व अहिंसा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए महापुरूषों के विचारों को आत्मसात करने पर बल दिया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी( नमांमि गंगे) रोहित यादव, उप जिलाधिकारी मुख्यालय प्रमोद तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप पटेल ने राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जी



के विचारों को विस्तार पूर्वक से बताया। इस मौके पर पूज्य बापू का सपना, देश का संकल्प, स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री जी के सम्बोधन का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण दिखाया गया, सजीव प्रसारण को मौके पर उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी व जन मानस ने देखा और सुना। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने 13 ग्राम पंचायतों को टी0वी0 मुक्त बनाने वाले ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किये, जिसमें तियराकला के ग्राम प्रधान अनीता देवी, धड़सरा के ग्राम प्रधान सुनीता देवी, जुड़िया के ग्राम प्रधान राजकुमार, भरूहां के ग्राम प्रधान ब्रीजेश कुमार, पटवध के ग्राम प्रधान संगीता देवी, भड़कना के ग्राम प्रधान श्रीराम, पूरना के ग्राम प्रधान अनीता देवी, राजपुर के ग्राम प्रधान राजेश कुमार, मिश्रा के ग्राम प्रधान पुष्पा देवी, हथियार के ग्राम प्रधान देव कुमार, सेमिया के ग्राम प्रधान सिम्पी देवी, जाबर के ग्राम प्रधान अंजना देवी व कादल के ग्राम प्रधान संजय कुमार को सम्मानित किया गया, इस मौके पर आयुष्मान भारत प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत अधिक लाभार्थियों के उपचार करने वाले चिकित्सालयों के चिकित्सकों को जिलाधिकारी ने प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किये, जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र म्योरपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घोरावल, जिला संयुक्त चिकित्सालय सोनभद्र, निजी चिकित्सालय- श्रेया एण्ड सर्जिकल हॉस्पिटल, साई हास्पिटल, लाईफ केयर हॉस्पिटल सोनभद्र शामिल हैं। इस दौरान जिलाधिकारी ने टी0वी0 बीमारी ग्रसित रोगियों को पौष्टिक आहार का वितरण भी किये गये, टी0बी0 रोगियों में सुनील, कीर्ति, अनुराधा, आरूषि, मनीष, ज्योति, सुधा, शिवानी, आदित्य, एलेक्स चार्ल्स, शालू, शिवानी, अविनाश, नन्दनी, लक्ष्मी,कैकसा को पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। इस मौके पर डिप्टी सीएमओ डॉ0 एस0के0 जायसवाल, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, चेयरमैन डॉ0 आर0एस0 सिंह, वाईस चेयरमैन विमल सिंह, व सदस्य दवा सिंह, विनय कुमार श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी  रामलाल, जिलाधिकारी के स्टेनो राम आधार, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दिव्यतोष मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम का सफल संचालन राजीव शुक्ला द्वारा किया गया।

### 02 अक्टूबर के अवसर पर अधिकारियों ने झाड़ू लगा की साफ - सफाई, दिया स्वच्छता का संदेश

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

स्वच्छता ही सेवा थीम के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्मदिवस 2 अक्टूबर 2024 के अवसर पर गांधी जयंती कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी बांदा नगेंद्र प्रताप सिंह सहित समस्त प्रशासनिक अधिकारियों ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया साथ ही इसके पाश्चात्य कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में देश की दो महान विभूतियों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और राजकीय स्पर्श विद्यालय के छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के राष्ट्रगीतों एवं राम धुन, रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीताराम, दे दी हमें आजादी बिना खडक बिना ढाल साबरमती के संत तूने कर दिया कमाल जैसे गीतों के माध्यम से महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिलाधिकारी बांदा द्वारा ₹2100 प्रोत्साहन के रूप में स्पर्श विद्यालय के छात्रों को प्रदान किया गया और समाज कल्याण विभाग द्वारा दो क्रिकेट किटों का वितरण जिला अधिकारी के कर कमलों द्वारा भी स्पर्श विद्यालय के छात्रों को दिया गया साथ ही जनपद में टीवी मुक्त घोषित ग्राम पंचायत के लगभग 20 ग्राम प्रधानों को गांधी जी की प्रतिमा, मिष्ठान एवं प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया यथा नाम ग्राम पंचायत बसरेही ग्राम प्रधान अनीश कुमार गौतम,  ग्राम पंचायत खमरखा सुमित्रा देवी, ग्राम पंचायत इटवा सुरेश कुमार, ग्राम पंचायत  रेउना विमला देवी, ग्राम पंचायत महुई राम, ग्राम पंचायत दाहोतरा, संतराम ग्राम पंचायत पदारथपुर, मालती देवी, ग्राम पंचायत बम्बिया शोभा देवी, ग्राम पंचायत सिंगरौली अरुण कुमार, ग्राम पंचायत गोटा फूल कुमारी, ग्राम पंचायत  गरौता रमेश कुमार, ग्राम पंचायत जमुआ उत्तम यादव, ग्राम पंचायत सिमरिया मिरदहा शिव बरन, ग्राम पंचायत लसड़ा मंजू सिंह चंदेल, ग्राम पंचायत डंडा मऊ से वरदानी प्रजापति ग्राम पंचायत गौरी खुर्द, पूनम देवी सहित इत्यादि को सम्मानित किया गया। एवं दोनों महान विभूतियों के जीवन आदर्शो पर चलने की प्रेरणा दी गई साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अपनी-अपने विचार व्यक्त किए गए। इसके पश्चात जिलाधिकारी बांदा नगेंद्र प्रताप सिंह द्वारा उपस्थित समस्त कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारी गणों को 2 अक्टूबर की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 155वीं जयंती पर बापू के महान विचारों और आजादी में उनके योगदान को याद करने का आवाहन किया गया और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार व्यक्त करते हुए आजादी की लड़ाई में गांधी जी के नेतृत्व में कई ऐसे जन आंदोलन हुए जिन्होंने भारत में ब्रिटिश साम्राज्य की कमर तोड़कर रख दी थी सत्य और अहिंसा पर आधारित बापू के आंदोलन के चलते अंग्रेजों की भारत पर से पकड़ ढीली होती चली गई विदेश में जगह-जगह महात्मा गांधी की मूर्तियां दुनिया भर में उनकी लोकप्रियता उनके विचारों को स्वीकार किए जाने का प्रमाण है सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलकर भारत को अंग्रेजों से आजादी दिलाने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मोहनदास करमचंद गांधी जी के द्वारा ही लगातार भारतीय समाज में व्याप्त छुआछूत जैसी बुराइयों के प्रति आवाज उठाई वह चाहते थे



कि ऐसा समाज बने जिसमें हम सभी लोगों को बराबरी का दर्जा हासिल हो क्योंकि सभी को एक ही ईश्वर ने बनाया है उनमें भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए, नारी सशक्तिकरण के लिए भी वह हमेशा प्रयासरत रहे उन्होंने लाखों भारतीयों और दुनिया भर के लोगों को सत्य एवं अहिंसा से अपने अधिकारों और स्वतंत्रता के लिए लड़ने के लिए प्रेरित किया इसीलिए हम सभी को गांधी जी के विचारों को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए और स्वदेशी अपना कर आत्मनिर्भर भारत की प्रकल्पना को साकार करने का यह बिल्कुल सही समय है और हमें अपने घर के साथ-साथ आस पड़ोस सार्वजनिक स्थलो को भी स्वच्छ रखने का संकल्प लेना चाहिए गांधी जी कहा करते थे कि स्वच्छता भक्ति के बाद दूसरी सबसे बड़ी चीज है यही वजह है कि हर साल सरकार गांधी जयंती पर व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी बैरिस्टर से महात्मा तक की यात्रा तथा पूरे देश का भ्रमण, कांग्रेस के साथ आंदोलन इत्यादि उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि महापुरुषों के जीवन चरित्र को याद करते हुए उनके जीवन आदर्शो को हम सभी को अपनाना चाहिए और जो सत्य अहिंसा के पाठ पढ़ाए गए हैं उनका हम सभी को अपनाना चाहिए और हमें प्रतिज्ञा लेनी चाहिए कि जो भी कार्य करें मेहनत लग्न एवं ईमानदारी के साथ करना चाहिए और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी श्वेत क्रांति को भारत में लाए थे उन्हें श्वेत क्रांति का जनक भी कहा जाता है एवं उनके विचार सादा जीवन उच्च विचारों पर आधारित था उनके आदर्शों पर हम सभी को चलने की प्रेरणा दी है। इसके पश्चात  जिलाधिकारी बांदा द्वारा जिला अस्पताल बांदा में पहुंच कर भर्ती मरीजों को फल वितरण कर उनके स्वास्थ्य के विषय में एवं समय-समय पर दी जाने वाली उपचार संबंधित दवाइयों के विषय में भी जानकारी प्राप्त की एवं डॉक्टर्स को निर्देशित किया कि भर्ती मरीजों का समय से इलाज किया जाए जिससे जल्दी स्वस्थ होकर वह अपने-अपने घर लौटे। कार्यक्रम में उपस्थित अपर जिला अधिकारी वित्त राजेश राजेश कुमार एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार श्रीवास्तव सहित डिप्टी कलेक्टर्स गण एवं कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारी गन उपस्थित रहे।

## डीएम ने टी०बी० मुक्त ग्राम पंचायत के प्रधानों को किया सम्मानित

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

जिला क्षय रोग अधिकारी बांदा ने बताया है कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 तक टी०बी० उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सेन्ट्रल टी०बी० डिवीजन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा जारी सूची के अनुसार राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद की 20 ग्राम पंचायतों को टी०बी० मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया गया है। उक्त टी०बी० मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को जिलाधिकारी द्वारा गाँधी जयन्ती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में महात्मा गाँधी की मूर्ति एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वर्ष 2023 में टी०बी० मुक्त घोषित हुई ग्राम पंचायत खमरखा, बसरेही, इटवां, रेउना, गोखरही, महुई, दोहतरा, पदारथपुर, बम्बिया, सिंधौली, गरौती, भुजौली, छिरौटा, बिछ्वाही, जमुआ, सिमरिया मिरदहा, लसड़ा, गौरीखुर्द, डाड़ामऊ, मडौलीकला के ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बताया कि सभी ग्राम प्रधान अपने ग्राम पचायत के टी०बी० रोगियों को पूरा इलाज लेने के लिये प्रेरित करें एवं टी०बी० के लक्षणों वाले संभावित रोगियों की टी०बी० की जाँच कराकर टी०बी० पाये जाने की दशा में तत्काल इलाज प्रारम्भ करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पूरे प्रदेश के कुल 73 जनपदों की 1372 ग्राम पंचायतें टी०बी० मुक्त घोषित करने योग्य पाई गई हैं जिनको महात्मा गांधी की मूर्ति एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है। जिला क्षय रोग अधिकारी डा० अजय कुमार ने बताया कि टी०बी० मुक्त ग्राम पंचायत से अभिप्राय है कि प्रति 1000 की जनसंख्या पर कोई टी०बी० रोगी न हो तथा यहां पर प्रति 1000 की जनसंख्या पर कम से कम 10 संभावित बलगम रोगियों की जांच प्रति वर्ष कर ली जाये। इसके अतिरिक्त प्रति 1000 की जनसंख्या पर यदि कोई टी०बी० रोगी मिलता है तो उसको नि:क्षय पोषण योजना की कम से कम एक किस्त का लाभ मिल जाये, उसकी नैट जाँच हो जाये एवं नि:क्षय मित्र द्वारा उसे गोद लिया जाये। इन मापदंडों को पूरा करने वाली ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया जाये जिससे उत्साहित होकर अन्य ग्राम पंचायतों के प्रधानगण भी अपनी ग्राम पंचायत को टी०बी० मुक्त ग्राम पंचायत बनाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट, जिला पंचायत राज अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिला क्षय रोग अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एड्स सहित टी०बी० एवं एच०आई०वी० एड्स कार्यक्रम का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## गढ़मुक्तेश्वर में राम बारात के साथ निकाली गई योगी आदित्यनाथ की शोभायात्रा

संस्कार उजाला

**जिला प्रभारी अमित शर्मा**

**गढ़मुक्तेश्वर**/गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में राम बारात के साथ रामलीला कमेटी के कार्यकताओं ने बड़ी धूमधाम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय आदित्यनाथ योगी की शोभा यात्रा को बाबा के बुलडोजर के साथ निकाला।

यह राम बारात और योगी आदित्यनाथ की शोभायात्रा का शुभारंभ धान मंडी से शुरू होकर शहर से गुजरते हुए रामलीला मैदान में पहुंचकर संपन्न हुआ। बता दें कि गढ़मुक्तेश्वर







रामलीला कमेटी के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राम भगवान की बारात को बड़े हर्षो उल्लास के साथ निकल गया। लेकिन इस बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय आदित्यनाथ योगी की बुलडोजर के साथ निकाली गई शोभा यात्रा ने राम बारात में चार चांद लगा दिए। और बाबा की बुलडोजर शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र बनी रही। वही इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष कौशल क्के पांडियन, रमन शर्मा महामंत्री ,सतीश कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष, टिंकू शर्मा रिंकू शुक्ला, दीपांशु दीक्षित,शोभित ठाकुर ज्ञान स्वरूप शर्मा, पवन कुमार शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## ओबरा ताप विद्युत गृह के गांधी मैदान में श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जयन्ती समारोह।

संस्कार उजाला

क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।

**ओबरा/सोनभद्र।** राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जी की 155 वीं एवं पूर्व प्रधानमन्त्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री जी की 120 वीं जयन्ती समारोह ओबरा ताप विद्युत गृह के गांधी मैदान में श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर ओबरा ताप विद्युत गृह के मुख्य अभियन्ता इं0 आर0के0 अग्रवाल ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर एकत्रित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए आर0के0 अग्रवाल ने गांधी जी के जीवन परिचय पर प्रकाष डाला एवं बताया की कैसे वह षुरूआती असफलता से हार न मान सत्य एवं अहिंसा के पथ पर चलते हुए सफलता को प्राप्त किया। गांधी जी सर्वधर्म सम्भाव को मानने वाले थे। उनका मानना था कि देष व समाज का निर्माण प्रेम व सद्भाव से होता है घृणा से नही। उनका कार्यक्षेत्र स्वतंत्रता आन्दोलन तक ही सीमित नही था। उन्होंने तत्कालीन सामाजिक बुराई अस्पृष्यता के विरोध में अभियान चलाया। इसके साथ ही वे ग्रामोत्थान कार्य में भी सक्रिय रहे। इस दौरान कुटीर उद्योग व चरखे का प्रचार किया। गांधी



जी की लोकतांत्रिक लड़ाई के प्रमुख हथियार सत्य और अहिंसा थे जो बाद में विष्व मे कहीं भी चलाये जा रहे आन्दोलनों के प्रेरणा स्रोत बने। उनके जन्मदिन 2 अक्टूबर को अर्न्तराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो उनके द्वारा किये गये कार्यों के प्रति सम्मान प्रदर्शित करता है। उन्होंने उपस्थित प्रबुद्धजनों को गांधी जी के जीवन से प्रेरणा लेने की सीख दी। आज ही के दिन हमारे देष के भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म वाराणसी के रामनगर में एक अत्यन्त साधारण परिवार में हुआ था। उनका प्रारम्भिक जीवन काफी संघर्षमय था। उनके अन्दर देष प्रेम की भावना कूट-कूट कर भरी थी। 17 वर्ष की अल्पायु में ही गांधी जी के आह्वाहन पर पढ़ाई छोड़कर असहयोग आन्दोलन में कूद पड़े थे। सादगी, ईमानदारी, दृढ़संकल्प, षुद्ध आचरण, परिश्रमी, उच्च आदर्षो में आस्था रखने वाले एवं सजग व्यक्तित्व के धनी शास्त्री जी का मानना था कि देष की स्वायत्तता एवं सम्पन्नता में जवानों व किसानो की भूमिका विषेष होती है, इसलिए इन्हें सम्मान मिलना चाहिए। षास्त्री जी का नारा था ह्यजय जवान-जय किसानह्य जो उनकी नीतियों को प्रकट करता है। इस अवसर पर समारोह में ओबरा परियोजना के मुख्य अभियन्ता (ब) इं0 राज कुमार गुप्ता, मुख्य अभियन्ता (स) इं0 एस0के0 सिंघल, मुख्य अभियन्ता (जानपद) इं0 दिवाकर स्वरूप, मुख्य अभियन्ता (कोल) इं0 वाई0के0 गुप्ता, मुख्य अभियन्ता (प्रषासन) इं0 तुलसी दास, समादेष्टा सीआईएसएफ एस0के0 सिंह, सीएमओ ए0के0 गुप्ता, अधीक्षण अभियन्तागण इं0 ए0के0 राय, इं0 डी0के0 सिंह, इं0 के0एस0 सचान, इं0 अच्युतेष कुमार, इं0 रमाकान्त, इं0 संजय पाण्डेय, इं0 विनोद कुमार, उप महाप्रबन्धक (लेखा) अखिलेष त्रिपाठी, एसएओ दीपक कुमार, अधिषासी अभियन्तागण इं0 सदानन्द यादव, इं0 अजय भारती एवं परियोजना के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। ओबरा इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा गांधी जी के सर्वप्रिय भजन प्रस्तुत किया गया तथा समसामायिक कविता पाठ किया गया।

### मंडलायुक्त ने हरी झंडी दिखा किया प्रचार वाहन एवं बाइक रैली को रवाना

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

**बांदा** में बुधवार को संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) चित्रकूटधाम मंडल बांदा उदयवीर सिंह ने बताया है कि जनसामान्य को यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करके एवं इनके पालन के प्रति संवेदनशील बनाकर सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाये जाने हेतु बुधवार 02 अक्टूबर के राष्ट्रीय पर्व (महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती) के अवसर पर सड़क सुरक्षा पखवाडा जो दिनांक 02 अक्टूबर 2024 से 16 अक्टूबर 2024 तक मनाया जायेगा, का उद्घाटन बाल कृष्ण त्रिपाठी, मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम बाँदा द्वारा प्रचार वाहन एवं बाइक रैली को मण्डलायुक्त कार्यालय से हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर उदयवीर सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) चित्रकूटधाम बाँदा द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाडे के कार्यक्रमों से सभी को अवगत कराते हुए अपील की, कि सभी लोग यातायात नियमों का स्वयं पालन करते हुए घर के समस्त सदस्यों से भी यातायात नियमों का पालन अवश्य करायें, जिससे कि हम सब मिलकर सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं में कमी ला सकें। इस अवसर पर उनके द्वारा यह भी अपील की गयी कि सड़क पर घायल व्यक्तियों की अवश्य मदद करते हुए उन्हे निकट के अस्पताल में यथाशीघ्र प्राथमिक उपचार कराने में सहयोग करें। इस अवसर पर मण्डलायुक्त द्वारा सभी से अपील की गयी कि समस्त दो पहिया वाहन चालक हेलमेट लगाने, स्टंट न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, ओवरस्पीड न करने, चार पहिया वाहन चालक सीटबेल्ट अवश्य लगायें, उन्होने यह भी निर्देश दिया कि सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम ग्राम स्तर पर प्रधानों का सहयोग लेकर आयोजित किये जायें, समस्त कार्यालयों में आने वाले अधिकारी कर्मचारी सीटबेल्ट एवं हेलमेट पहन कर अवश्य आयें एवं समस्त सम्बन्धित विभाग पूरे उत्साह के साथ पूरे पखवाडे में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर इसे सफल बनायें, जिससे इसका प्रभाव दिखाई दे। यह बाइक रैली मण्डलायुक्त कार्यालय से महाराणा प्रताप चौराहा - पीली कोठी- कालु कुँआ से होते हुए सम्भागीय परिवहन कार्यालय पर समाप्त हुई। प्रचार वाहन पूरे सड़क सुरक्षा पखवाडे में जनपद के विभिन्न चौराहों, तहसील एवं ब्लॉक पर पम्पलेट का वितरण कर सड़क सुरक्षा जागरूकता का प्रचार करेगा। इस अवसर पर अमर पाल सिंह, अपर आयुक्त (प्रशासन), भगवानशरण, अपर आयुक्त द्वितीय, यशवन्त कुमार सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त, सौरभ कुमार, सम्भागीय परिवहन अधिकारी, राजबहादुर सिंह, उपनिदेशक दिव्यांग, अव्यक्त राम तिवारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी,  रामसुमेर यादव यात्री मालकर अधिकारी, गुलाब चन्द्र संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक), टी०एन० पाण्डेय यातायात निरीक्षक, पीयूष मिश्रा मण्डल मास्टर ट्रेनर सड़क सुरक्षा, जयराम सिंह अध्यक्ष ट्रक यूनियन, जय सिंह सचिव ट्रक यूनियन व मण्डलायुक्त व सम्भागीय परिवहन कार्यालय के कर्मचारीगण एवं वाहन एजेंसियों के कर्मचारीगण व आमजनमानस के लोग उपस्थित रहे।

## डीएफओ कार्यालय मे रंगोली, भाषण व नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन।

संस्कार उजाला

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता**

**सोनभद्र।** 17 सितम्बर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक चलाये जा रहे स्वछता ही सेवा अभियान के अंतर्गत जिला गंगा समिति सोनभद्र के निर्देशन मे विभिन्न स्थानों एवं विद्यालयों मे कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताये आयोजित कराई गयी। जिसका मुख्य कार्यक्रम डीएफओ कार्यालय मे रखा गया। जहाँ ओर राजीकीय बालिका इंटर कॉलेज, आर एस एम इंटर कॉलेज, गुरद्वारा इंटर कॉलेज के बच्चो ने प्रतिभाग किया। रंगोली व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके बाद बालिका इंटर कॉलेज के बच्चो ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की कमान



संभाल रहे जिला परियोजना अधिकारी महेन्द्र गौतम ने रंगोली, भाषण व नुक्कड़ नाटक का आयोजन कराकर सभी को स्वच्छता शपथ दिलायी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभागीय वनाधिकारी कुंज मोहन वर्मा ने शपथ लेकर हस्ताक्षर कर सभी प्रतिभागियों को सम्बोधित किया। व दिनांक 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2024 तक आयोजित सभी विद्यालयों के पत्रियोगिता विजताओ को पुरुस्कृत किया। इस मौके पर वन विभाग के उपप्रभागीय वनाधिकारी, विनीत सिंह व शत्रुघ्न त्रिपाठी, विधयालयो के अध्यापकगण, वन विभाग के समस्त स्टाफ व अन्य मौजूद रहे।

# सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, कार्यालय, गाजियाबाद में जिला सूचना अधिकारी श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता/नेतृत्व में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद।** सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, कार्यालय, गाजियाबाद में जिला सूचना अधिकारी श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता/नेतृत्व में शासनादेश के अनुसार महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गयी। जयंती कार्यक्रम से पूर्व जिला सूचना अधिकारी द्वारा समस्त स्टाफ के साथ कार्यालय व कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाकर सफाई की गई। तदोपरांत महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किए गये। इस मौके पर जिला सूचना अधिकारी श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि वर्तमान में राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि गांधी जी सबसे प्रासंगिक व्यक्ति हैं। क्योंकि आज के समय में आतंकवाद से निपटना, पर्यावरण की स्वच्छता की समस्या, ग्रामों के सशक्तिकरण, बेरोजगारी की समस्या, नशा मुक्त भारत तथा महिला सशक्तिकरण से सहित अन्य महत्वपूर्ण संबंधित समस्याओं से उनके विचारों के द्वारा ही इनसे लड़ा जा सकता है। आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूक्रेन और रूस युद्ध पश्चिम एशिया में ईरान और इजरायल के कारण जो अंधकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिखाई पड़ रहा है उनसे गांधीजी के अहिंसा वादी विचारों के द्वारा हर निकाला जा सकता है। गांधी जी ने कहा था कि दुनिया की किसी भी समस्या का हल युद्ध से नहीं बल्कि अहिंसा वादी सोच से किया जा सकता है। गांधी जी पर्यावरण संरक्षण के बारे में कहते थे कि प्रकृति हमारी आवश्यकताओं को तो पूर्ति करती है लेकिन हमारी इच्छाओं की पूर्ति नहीं कर सकती क्योंकि इच्छाओं का अंत नहीं हो सकता है, इसीलिए हमें प्राकृतिक वस्तुओं का विवेकपूर्ण ढंग से उपयोग करना चाहिए। गांधी जी ने भारत में बेरोजगारी की समस्या का हल करने के लिए लघु और कुटीर उद्योग तथा ग्राम विकास पर बल दिया था, उन्होंने कहा था कि भारत के सशक्तिकरण का रास्ता गांव से होकर गुजरता है। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर श्री सुरेश चन्द्र आर्य, मौहम्मद इदरीश खान, श्री राकेश कुमार, श्री धनसिंह, श्री नरेश वर्मा, श्री रवि कुमार व श्री करन उपस्थित रहे।




## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर कांग्रेसियों द्वारा झंडारोहण कर विचार गोष्ठी की गई

संस्कार उजाला
डॉ0सै0अब्दुल खबीर



**नानपारा बहराइच** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर कांग्रेसियों द्वारा स्थानीय गांधी पार्क नानपारा में झंडारोहण किया गया उसके बाद विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव शफीक कुरैशी ने बापू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की बापू किसी व्यक्ति का नाम नहीं बल्कि एक विचारधारा का नाम है जो विचारधारा हमें इंसानियत का पैगाम देती है बापू में हमें जो अहिंसा और सत्य का पाठ पढ़ाया वह रहती दुनिया तक प्रासंगिक रहेगी बापू की विचारधारा पर ही चलकर देश और समाज का विकास हो सकता है श्री कुरैशी ने स्वर्गीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की शास्त्री जी ईमानदारी और सादगी की प्रतिमूर्ति थे उनका विचार जय जवान जय किसान का नारा सदैव हम एक नहीं ऊर्जा भरता रहेगा कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता जिम्मीदार अंसारी नगर अध्यक्ष एराज हुसैन कृष्ण गोपाल कसेरा शकील अहमद मुनाउ रस्तोगी मुन्ना एक लाख अहमद लड्डन सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे

## मदरसा गौसिया में गांधी-शास्त्री जयंती मना, दी गई श्रद्धांजलि




संस्कार उजाला
डॉ0सै0अब्दुल खबीर

**मिहींपुरवा बहराइच-** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 156 वीं एवं द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री 121 वीं जयंती के अवसर पर मदरसा गौसिया मिहीपुरवा के हाल में आज उनकी याद में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया` जिसमें मदरसे के प्राचार्य इसरार अहमद इदरीसी के नेतृत्व में मदरसा स्टाफ एवं बच्चों ने मिलकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी को उनके चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर खिराजे अकीदत पेश किया कार्यक्रम में प्राचार्य इसरार अहमद इदरीसी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज 2 अक्टूबर के अवसर पर हम सब महात्मा गांधी और उन तमाम अनगिनत स्वतन्त्रता सेनानियों एवं शहीदों को कृतज्ञता के साथ याद करते हैं जिन्होंने हमारी आजादी के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। इस मौके पर मुल्क की खुशहाली तथा तरक्की एवं अमन चैन के लिये दुआ भी की गयी इस अवसर पर मदरसे के प्राचार्य इसरार अहमद इदरीसी, शिक्षक इरफान खां, कारी रजब अली, हाफिज मोइनुद्दीन, हाफिज मो० आरिफ, हाफिज अनवर रजा, कु० काजल बानो, कु० रेशमा बानो, कु० अंजुम बानो, रेशमा बेगम, बकरीदी एवं बच्चे मौजूद रहे

# सात अक्तूबर को आनंदी बेन पटेल महामहिम राज्यपाल रजा लाईब्रेरी आएंगी।

संस्कार उजाला
सलीम खान/आसिम





अजीज रामपुर की प्रसिद्ध रामपुर रजा पुस्तकालय एवं संग्रहालय में 07 अक्टूबर 2024 को 250 वर्ष पूर्ण हाने के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों का प्रारम्भ हो गया। कार्यक्रमों के श्रृंखला के अनुसार आज गाँधी जयन्ती के उपलक्ष्य में वसुधैव समन्वयक गाँधी विषय पर विचार गोष्ठी एवं भजन संध्या (गाँधी जी के गीत) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पूर्व उपस्थित सभी अतिथियों ने अपराह्न 2:30 बजे गाँधी समाधी पर सर्व प्रथम पुष्प अर्पित किये। तत्पश्चात रामपुर रजा लाइब्रेरी में वसुधैव समन्वयक गाँधी विषय पर विचार गोष्ठी प्रारम्भ हुई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री एम० जे० अकबर प्रख्यात विचारक एवं पत्रकार पूर्व विदेश राज्यमंत्री भारत सरकार, विशेष अतिथि डॉ० रविकांत मिश्र प्रख्यात इतिहासकार संयुक्त निदेशक प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय नई दिल्ली, डॉ० विकास पाठक प्रख्यात पत्रकार उप सहयोगी संपादक इण्डियन एक्सप्रेस नई दिल्ली द्वारा विचारों को एवं डॉ० ज्योतिष जोशी प्रख्यात विचारक साहित्यकार लेखक आलोचक व कलाविद् द्वारा बीज वक्तव्य प्रस्तुत किया।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री एम० जे० अकबर प्रख्यात विचारक एवं पत्रकार पूर्व विदेश राज्यमंत्री भारत सरकार ने कहा कि गाँधी जी ने हमें खोफ और भय से आजाद करवाया। जब देश को संभालना था, आने वाली पीढ़ी को सोपना था। जब 1530 ई0 में पूर्ण स्वराज हुआ उस जमाने में गाँधी जी ने यह ध्यान दिया कि मुल्क तो हमारे मन में आजाद हो ही चुका है, पूर्ण स्वराज तो आ ही गया है, लेकिन मुल्क को हम बनाये कैसे। गाँधी जी के अनुसार अजादी का मतलब था आवाज की आजदी, महजब की आजदी। गाँधी जी के विचारों के कारण ही आज का हमारा प्रजातंत्र दुनिया में सबसे मजबूत है।इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ० ज्योतिष जोशी ने अपना बीज वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए कहा कि गाँधी जी अनुसार सत्य ही ईश्वर है, सत्य ही प्रेम है, सत्य ही परमआत्मा है, सत्य ही वह अनुष्ठान है, जिसके लिए हम जीने का संकल्प करते हैं। गाँधी जी ने अपने जीवन को ही प्रयोग कहा, और जो कहा उसे जीने की चेष्टा की। सत्य गाँधी जी का साध्य था, ध्येय था और अंहिसा उनकी मुख्य साधना थी। गाँधी जी ने हमेशा मन और देह की पवित्रता की बात की। गाँधी जी ने हमेशा नैतिकता को प्रस्तावित किया, सत्य के प्रति आग्रहशील रहने को उद्बोधित किया, और हमको सम्बोधित किया कि हम पूरी दुनियाँ को एक परिवार की तरह देखें।इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ० रविकांत मिश्र ने कहा कि भारत से ही नहीं बल्कि दुनियां भर से आधुनिक जगत में जो सबसे बड़े व्यक्तित्व थे जिनका व्यक्तित्व और कृतित्व सबसे विराट था, मेरी यह धारणा है कि वह गाँधी जी ही थे। दक्षिण अफ्रिका में जो गाँधी जी ने कार्य किए उसका महत्व बहुत बड़ा है। गाँधी जी की ही प्रेरणा से ही दुनिया के दूसरे बहुत सारे देशों में उपनिवेशवाद के खिलाफ आवाजें उठनी शुरू हुई। सत्य एवं अहिंसा में पूरे विश्व को समाहित किया जा सकता है, यह गाँधी जी का विश्वास था।इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ० विकास पाठक ने कहा कि गाँधी जी के अनुसार अंग्रेजी कानून समाज में संघर्षों को बड़ावा देता था, किसी समस्या को सुलझाना नहीं था। गाँधी जी उस समय लोगों को संदेश दे रहे थे कि अंग्रेजियत आपसे श्रेष्ठ नहीं हैं, हमारी सभ्यता अपने आप में इतनी श्रेष्ठ है, कि अंग्रेज हमसे बहुत कुछ सीख सकते हैं। गाँधी जी के इन्ही विचारों के कारण हमारा स्वतन्त्रता संग्राम गाँव-गाँव तक पहुँचा। कहा कि गाँधी जी ने पूरे देश के अलग वर्गों को एक सूत्र में बाँधा। गाँधी जी के विचारों के कारण ही आजादी के बाद भी हमारा देश पूरे विश्व में एक सूत्र में बंधे रहने का संदेश दे रहा है।इस अवसर पर रजा पुस्तकालय के निदेशक डॉ० पुष्कर मिश्र जी ने कहा कि लोकरचना कभी संघर्ष से नहीं होती, समन्वय से होती है और समन्वय का मार्ग गाँधी का मार्ग है। वसुधैव समन्वय का वही भाव है जो वसुधैव कुटुम्बुकम का है। गाँधी जी ने हमें जीवन का मार्ग दिया है। आज गाँधी जयन्ती के अवसर पर रामपुर रजा पुस्तकालय द्वारा गाँधी के आचरण को अपनाइये विषय पर प्रदर्शनी प्रदर्शित की गई है। गाँधी को जानिये और कार्यक्रम में शहर के सभी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त डायरी

## सपा नोएडा महानगर ने बड़े धूमधाम से मनाई महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती....



संस्कार उजाला नोएडा
सपा नोएडा महानगर संगठन द्वारा नोएडा सेक्टर 53 स्थित सपा नोएडा महानगर कैंप कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई । नोएडा महानगर के सभी समाजवादी साथियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी वह पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों पर फूलमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने कहा कि सत्य के साधक गांधी जी व सादगी की मिसाल पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का जीवन कई महीनो में समान था गांधी जी के विचारों को शास्त्री जी ने सत्ता के शिर्ष पर रहकर भी जिया। प्रदेश सचिव जयकरण चौधरी वह मीडिया प्रभारी गौरव कुमार यादव ने कहा कि लाल बहादुर को शास्त्री की उपाधि मिली थी। 1925 में काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्हें यह उपाधि उनकी शानदार शिक्षा के लिए दी गई थी। मंच का संचालन महानगर महासचिव विकास यादव ने किया ।आज उनका भी जन्म दिवस था संगठन के लोगों ने उनका जन्मदिन भी धूमधाम से मनाने का काम किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में जय करण चौधरी, ओमपाल राणा,मोहम्मद नौशाद, महकार तंवर, वीरपाल अवाना, टीटू यादव, मोहित यादव,गौरव यादव, तनवीर,रविंद्र यादव, आरिफ, अच्छे मियां ,गुलजार अल्वी, अतुल यादव ,केपी यादव, बबली शर्मा, बाबूलाल बंसल ,मनोज यादव, नीर अवाना ,अमित यादव, वीर बहादुर, शालिनी खारी, बिमला, गुलजार अल्वी, राम सहेली, विश्वास, एडवोकेट राहुल यादव, रामपत यादव ,बिल्लू सैफी, संजय यादव, रूपचंद यादव, सोनू त्यागी, लोकेश यादव ,शेखर यादव ,अमित यादव, अनीश सैफी, तेज प्रकाश त्यागी, नितिन पर्चा ,राजेश कुमार, प्रवीण शर्मा ,साहिल चौधरी, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## सर्वे वेलफेयर फाउंडेशन,जमुनी पब्लिक स्कूल और राजीव गांधी अस्पताल दिल्ली के द्वारा स्वास्थ्य शिविर कैंप लगाया गया




संस्कार उजाला नोएडा
स्वास्थ्य शिविर कैंप में 200 लड़कियों ने हिस्सा लिया,लड़कियों और महिलाओं की जांच की गई जिसमे शामिल है बी.पी. चीनी और सबसे महत्वपूर्ण. महिला स्तन कैंसर जागरूकता कार्यक्रम एवं नि:शुल्क दवा एवं मानसिक हिज्गे पैड वितरण किया गया.कार्यक्रम का शिविर कैंप जमुनी पब्लिक स्कूल हरोला सेक्टर- 5 नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर में किया गया. निर्मला निषाद,विभूति बंसल, चंद्रा प्रभा एवं संपूर्ण शेखर टीम ने शिरकत किया. इस कार्यक्रम को सफलपूर्वक सफल बनाने में सबसे महत्वपूर्ण योगदान सर्वे वेलफेयर फाउंडेशन,जमुनी पब्लिक स्कूल और राजीव गांधी हॉस्पिटल दिल्ली का रहा,स्वास्थ्य शिविर कैंप का मकसद महिलाओं को जागरूक करना, क्योंकि महिलाओं में हो रही नॉर्मल बीमारियां आज के दिनों में बी पी, स्तन कैंसर, मधुमेह एवं मासिक से होने वाली बीमारियों से कैसे बचा जाए इसके बारे में बताया गया

## सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में आज श्रीरामलीला महोत्सव का होगा श्रीगणेश।




संस्कार उजाला नोएडा
**नोएडा।** कल श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति द्वारा सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया,जिसे समिति के प्रमुख पदाधिकारियों ने संबोधित किया।श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति द्वारा सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली श्रीरामलीला का शुभारंभ कल स्थानीय सांसद डॉ.महेश शर्मा एवं स्थानीय विधायक पंकज सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ ही किया जायेगा।प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए श्रीराम मित्र मंडल नोएडा के महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि कल से सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में प्रतिदिन लीला मंचन सायं 7 बजे से शुरू होगी।7 अक्टूबर को दोपहर 01 बजे सेक्टर-20 के हनुमान मंदिर से श्रीराम बारात शोभायात्रा निकलेगी,जो डीएम चौराहा,सेक्टर-4,हरोला,सेक्टर-9,10,11,12,22,56 तिराहा,55,खोरा लेबर चौक होते हुए रामलीला मैदान पहुंचेगी,जहां राजा जनक राम बारात का स्वागत करेंगे।रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले श्री रामलीला महोत्सव के दौरान 12 अक्टूबर को श्रीराम द्वारा रावण का वध होगा और उसके उपलक्ष्य में विजयदशमी उत

## श्रीराम लखन धार्मिक लीला कमेटी नोएडा ने रामलीला की आयोजन को लेकर की प्रेस वार्ता.....



संस्कार उजाला नोएडा
श्रीराम लखन धार्मिक लीला कमेटी नोएडा सेक्टर 46 के आयोजन समिति एवं सदस्यों ने रामलीला ग्राउंड सेक्टर 46 में 3 अक्टूबर से 13 अक्टूबर के बीच होने जा रहे हैं रामलीला महोत्सव को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। श्रीराम लखन धार्मिक लीला कमेटी के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने बताया कि, रामलीला का मंचन ₹श्री परिवार रघुवंशी संस्कृति मंच₹ मुरादाबाद के द्वारा संचालित पंडित कृष्ण स्वामी और उनके सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा किया जाएगा। रामलीला का स्टेज दो भागों में होगा पहला भाग आया105 फीट लंबा 8 फुट चौड़ा और 18 फीट ऊंचा होगा। जबकि दूसरा स्टेज 140 फीट लंबा 40 फुट चौड़ा और 6 फीट ऊंचा होगा।राम बारात 7 अक्टूबर सोमवार को शाम 4:00 बजे से रामलीला ग्राउंड सेक्टर 46 से प्रारंभ होकर सेक्टर 46 सेक्टरों के अंदर घूमते हुए शाम 7:00 बजे तक रामलीला ग्राउंड पर पहुंचेगी। शाम 8:00 बजे से डांडिया नाइट का आयोजन रोटरी क्लब दिल्ली मयूर विहार के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। सुरक्षा के लिए लगभग 50 सीसीटीवी कैमरे ग्राउंड के चारों तरफ लगाए जाएंगे। उसके अल

# जीपीए की शिक्षा क्रांति पदयात्रा से निकली एक देश एक शिक्षा एक बोर्ड की मांग

### पेरेंट्स एसोसिएशन ने गांधी पार्क से निकाली भव्य शिक्षा क्रांति सत्याग्रह पदयात्रा

संस्कार उजाला



**गाजियाबाद** पेरेंट्स एसोसिएशन द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर लोहिया नगर स्थिति गांधी पार्क में गांधी जी की प्रतिमा को माल्यार्पण कर शहीद भगत सिंह जी की प्रतिमा घंटाघर तक भव्य पद यात्रा निकाली गई इस पदयात्रा में अभिभावकों के हाथो में शिक्षा के नारों के अनेकों स्लोगन और पोस्टर थे पूरे रास्ते भारी संख्या में जुटे अभिभावकों ने शिक्षा है व्यापर नही ये लूट हमे स्वीकार नही , मंहगी शिक्षा महंगा ज्ञान कैसे बनेगा देश महान, मोदी योगी सुनो पुकार बंद करो शिक्षा का व्यापार सहित सैंकड़ों नारो से वातावरण को गुजायमान कर दिया । इस शिक्षा क्रांति पद यात्रा के माध्यम से जीपीए ने सरकार को संदेश दिया की जिस तरह सरकार ने देश में एक देश एक टैक्स एवम एक देश एक राशन कार्ड लागू किया है उसी तरह अब समय आ गया है की पूरे देश में ₹एक देश एक शिक्षा एक बोर्ड ₹को लागू करने के लिए अमली जामा पहनाया जाए जिससे की देश के प्रत्येक बच्चे को समान शिक्षा का अवसर प्राप्त हो सके गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी और सचिव अनिल सिंह ने बताया की आज की पद यात्रा बेहद सफल रही हम लगातार शिक्षा व्यवस्था मे बदलाव और देश के अभिभावकों को शिक्षा के लिए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक कर रहे है हम आज गांधी जयंती के अवसर पर सरकार से एक देश एक शिक्षा एक बोर्ड के गठन की मांग करते है और उम्मीद करते है की सरकार इस पर गंभीरता से विचार करेगी साथ ही हम जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से मिले सहयोग के लिए धन्यवाद देते है इस मौके पर सत्यपाल चौधरी, पवन शर्मा, नरेश कुमार, साधना सिंह , डॉ राजीव शर्मा ,राजू सैफी, नवीन राठौर,अजीत रावत ,नीलम कुमारी, कौशलेंद्र सिंह , धर्मेंद्र यादव, कौशल ठाकुर, राहुल कुमार, मनीष चौधरी , नवीन, राजुकमार , मनोज यादव , ज्योति , विकास मावी , आकांक्षा , विपिन कुमार, राजा , सहित सैंकड़ों की संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## किसान क्रांति गेट पर भाकियू ने मनाई महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती ,दिल्ली की और किया सांकेतिक मार्च

### दो अक्टूबर 2018 में हरिद्वार से आई किसान क्रांति यात्रा पर, हुई बर्बरता को किसान भुला नहीं सकेगा :बिजेंद्र सिंह

संस्कार उजाला



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** दिल्ली बॉर्डर पर 13 महीने चले किसानों के आंदोलन के दौरान शहीद हुए 750 किसानों को याद कर किसानों की आंखें हुई नाम गाजियाबाद किसान क्रांति गेट(गाजीपुर बॉर्डर) पर भारतीय किसान यूनियन ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर हवन किया। इस दौरान 13 महीने चले किसानों के आंदोलन के दौरान शहीद हुए 750 किसानों को भी याद किया गया। और प्रतिवर्ष की भांति किसानों ने दिल्ली की ओर सांकेतिक मार्च कर दिल्ली जाने की आन को भी तोड़ा । इससे पहले पंचायत का आयोजन भी किया गया।भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव ओमपाल मालिक ,राष्ट्रीय सचिव चौधरी ओमपाल सिंह की मौजूदगी में बिजेंद्र सिंह,सुभाष भाटी ,परमेन्द्र अवाना,अशोक भाटी,छोटे चौधरी,पवन चौधरी आदि ने अपने -अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि सरकार किसान को कमजोर न समझे,किसान अपने हक को लेकर रहेगा। अन्याय के खिलाफ संगठन हमेशा आवाज उठाता रहा है भविष्य में भी उठता रहेगा। कहा कि भाकियू संगठन किसी पार्टी या सरकार का विरोध नहीं करता,वह तो केवल सरकार की गलत नीतियों का विरोध करता है। सरकारों की गलत नीतियों के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी।गाजियाबाद जिला अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ने कहा कि 2018 में हरिद्वार से किसान क्रांति यात्रा चल कर दिल्ली स्थित गांधी जी की समाधि पर संपन्न होनी थी। लेकिन पुलिस ने यूपी गेट पर किसानों के साथ में जो बर्बरतापूर्ण व्यवहार किया,निहत्थे किसानों पर लाठीचार्ज और गोली चलाई गई। और किसानों को पुलिस ने बॉर्डर पर ही रोक दिया था। उसी दिन से हर साल दो अक्टूबर को किसान उस बर्बरतापूर्ण व्यवहार को याद करते हुए, किसान क्रांति गेट पर ही हवन कर लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाते है।और प्रसाद बांटते है। कहा कि उस दो अक्टूबर 2018, कष्टकारी दिन को हम किसान कभी भी भुला नहीं सकेंगे। किसान क्रान्ति गेट पर ये भाकियू पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे राष्ट्रीय महासचिव ओमपाल मालिक ,राष्ट्रीय सचिव चौधरी ओमपाल सिंह ,गाजियाबाद जिला अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह,जिला प्रभारी जय कुमार मलिक ,नॉएडा जिला अध्यक्ष अशोक भाटी,सुभाष भाटी ,परमेन्द्र अवाना ,नरेंद्र सिंह, पवन चौधरी ,ब्रह्मपाल सिंह,सुंदर सिंह,छोटे चौधरी,विनीत चौधरी ,यशवीर सिंह,ममता चौधरी ,मंजू सिंह ,वेदपाल मुखिया ,चंद्र पाल पहलवान ,ललित पंघाल ,पिंटू चौधरी ,टीनू चौधरी ,परवीन , सतेंद्र तेवतिया ,महेंद्र सिंह तेवतिया,कुशवीर सिंह गुलिया ,मुस्तफा आदि सैकड़ों पदाधिकारी किसान बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद द्वारा देवेंद्र कुमार उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार सफाई अभियान चलाया गया

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद, (आशा चौधरी)**



युवा कार्यक्रम विभाग, कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत ' स्वच्छता ही सेवा ' कार्यक्रम का समापन आज गांधी जयंती के अवसर पर ब्लॉक कार्यालय मुरादनगर के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुरादनगर ब्लॉक के बी डी ओ श्री सुधीर कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर श्री सुधीर कुमार जी ने सभी युवाओं को संबोधित करते हुए बताया की गांधी जी का जीवन हमारे लिए एक आदर्श है । उन्होंने देश की स्वतंत्रता तथा राष्ट्र की सेवा में अपना सारा जीवन व्यतीत कर दिया। राजनीतिक स्वतंत्रता के साथ-साथ भारत को स्वच्छ भारत के रूप में देखना भी उनका एक सपना था। उन्होंने आगे बताया कि स्वच्छ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है इसलिए हमें अपने पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। नेहरू नेहरू युवा केंद्र, इलाहाबाद के उपनिदेशक श्री देवेंद्र कुमार ने सभी लोगों से आग्रह किया की सभी स्वच्छता ही सेवा जैसे महान कार्य में अपना अहम रोल निभाएं तथा इसे अपने स्वभाव तथा संस्कार का अभिन्न हिस्सा बनाएं क्योंकि 'स्वच्छता ही सेवा' के शाब्दिक अर्थ को सार्थक करने के लिए जरूरी है कि हम बढ़ चढ़कर इस अभियान में हिस्सा लें तथा समाज के सभी वर्गों आगे आने के लिए प्रेरित तथा जागरूक करें। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 2 अक्टूबर 2014 से शुरू किए गए स्वच्छता मिशन को आगे बढ़ाएं। दुर्गेश शर्मा अध्यक्ष महिला उन्नति प्रशिक्षण संस्थान ने सभी युवा साथियों एवं लड़कियों से आशा व्यक्त की, कि वह सिंगल यूज प्लास्टिक खाली पानी की बोतल तथा अन्य प्लास्टिक सामान को एकत्रित करें तथा सड़कों और सार्वजनिक स्थानों को साफ सुथरा रखने में अपने कदम आगे बढ़ाएं। कार्यक्रम के अंत में सभी युवा साथियों, ब्लॉक के कर्मचारियों ने मिलकर ब्लॉक प्रांगण की सफाई की। कार्यक्रम में ब्लॉक कार्यालय की तरफ से ए डी ओ पंचायत अमित कुमार, बी ओ मुरादनगर रिचा तिवारी, नेहा तथा नेहरू युवा केंद्र के युवाओं बिन्नी निकिता राज किशोर जमील अहमद बरखा नंदिनी पिंकी मानसी मनीषा सनी अश्वनी प्रकाश विशाल तथा पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक तालिब ने भाग लिया।

# 02 अक्टूबर 2024 को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर कलैक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न।

**स्वच्छ माहौल में ही स्वस्थ्य शरीर का विकास निहित: जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह**

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**

02 अक्टूबर 2024 को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर कलैक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम जिलाधिकारी महोदय सहित उपस्थित सभी गणमान्य अधिकारी,कर्मचारीगण द्वारा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी।जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी को शपथ दिलाई गई। शपथ में कहा गया कि महात्मा गाँधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। महात्मा गाँधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर माँ भारती को आजाद कराया। अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। मैं शपथ लेता हूँ कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूँगा और उसके लिये समय दूँगा। हर वर्ष 100 घण्टे यानी हर सप्ताह 2 घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूँगा। मैं न गन्दगी करूँगा न किसी को करने दूँगा। सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गाँव से एवं मेरे कार्य स्थल से शुरूआत करूँगा। मैं मानता हूँ कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं उसका कारण यह है कि वहाँ के नागरिक गन्दगी नहीं करते और न ही होने देते हैं। इस विचार के साथ मैं गाँव-गाँव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूँगा। मैं आज जो शपथ ले रहा हूँ, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाऊँगा। वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घण्टे दें, इसके लिए प्रयास करूँगा। मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा। इसके उपरान्त गांधी जी का प्रिय भजन "रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीता राम" गाया गया। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सर्वप्रथम महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती की शुभकानाएं देते हुए उनके जीवन वृतान्त पर प्रकाश डाला। उन्होने महात्मा गांधी की आत्मकथा 'सत्य के साथ मेरे प्रयोग' पढ़ने हेतु प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि हमें अपने जीवन में महापुरूषों के आदर्शों को आत्मसात करते हुए गांधी जी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करना चाहिए। जैसे की अभी हम सभी लोगों ने शपथ ली है, हम सभी को इस शपथ को अपने जीवन में आत्मसात करेंगे तो वह दिन दूर नहीं जब हमारा



भारत स्वच्छ व सुन्दर भारत होगा। हम सभी को अपने विचारों और कार्यशैली में स्वच्छता को अनिवार्य रूप से अपनाने करने की आवश्यकता है।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एडीएम सिटी गम्भीर सिंह ने गांधी जी व शास्त्री जी के आदर्शों पर चलने हेतु उनके जीवन से जुडे कुछ विशेष वृतान्तों पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही गांधी जी और शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अन्य वक्ताओं में संजय सिंह जिला आबकारी अधिकारी ने "नेता का हो वहीं स्वभाव" सुन्दर कविता सुनाई, गजेन्द्र सिंह राजस्व निरीक्षक द्वारा "श्री राम नाम जपते रहो" आनन्दित भजन सुनाया, प्रेम सिंह स्टैनों एडीएम एफ,आर द्वारा "बापू हमारे स्वर्ग सिधारें" मनमोहक गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रमोद न्यायिक सहायक प्रथम द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में लड्डू वितरित किये गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एडीएम ई रणविजय सिंह, एडीएम सिटी गम्भीर सिंह, एडीएम एफ,आर सौरभ भट्ट, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.संतोष कुमार उपाध्याय, सीटीओ पुष्पांजलि एसडीएम न्यायिक चन्द्रेश, ज्यान्ट मजिस्ट्रेट निखिल चक्रवर्ती, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे। इसके उपरांत महात्मा गांधी सभागार में टीबी मुक्त पंचायत अभियान,2023 में दावों के सत्यापन के पश्चात 14 में से कुल 10 ग्राम पंचायतें वांछित आहर्ता को पूर्ण करने में सफल रही जिसके पश्चात उक्त 10 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया। जिसमें ब्लॉक मुरादनगर से प्रधान अनुराधा ग्राम पंचायत मथुरापुर, जगमोहन प्रधान ग्राम पंचायत बहादुरपुर, योगेश कुमार प्रधान ग्राम पंचायत बन्दीपुर, प्रधान प्रतिनिधि ग्राम पंचायत बड़का आरिफपुर, पिंकू गहलोत प्रधान ग्राम पंचायत भदौली, सुनीता प्रधान ग्राम पंचायत मतौर, अंजुला त्यागी ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर कदीम, मनोज प्रधान ग्राम पंचायत रावली कलां, धर्मेन्द्र कुमार प्रधान ग्राम पंचायत कोतवालपुर ब्लॉक लोनी एवं ऊषा तौमर ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत शामली ब्लॉक भोजपुर को जिलाधिकारी द्वारा स्मृति चिन्ह व सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया गया।जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि 2025 तक भारत देश को टीवी मुक्त बनाना है, इस मुहिम को साकार करने में हमारे 10 ग्राम प्रधानों ने अच्छी भूमिका निभाई है, अन्य क्षेत्रों के प्रधानों, सभासदों, पार्षदों को इन लोगों से प्रेरणा लेनी चाहिए। हमें समझना चाहिए कि स्वच्छता ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता है और स्वच्छ माहौल में ही स्वस्थ्य शरीर का विकास निहित है। कार्यक्रम में सभी गांवों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा ने पृथक प्रदेश की मांग को लेकर १ अक्टूबर को गाजियाबाद कलेक्ट्रेट पर विशाल धरना दिया गया धरने में कई संगठनों ने हिस्सा लिया

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**

कर्नल साहब सुधीर सिंह ने कहा पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा प्रदेश के पश्चिमी भाग उत्तर के 27 जिलों को मिलाकर अलग प्रदेश की मांग पिछले कई वर्षों से कर रहा है। इसके लिए मोर्चा द्वारा जन जागरण यात्रा निकाली गई, सेमिनार की गई तथा जगह-जगह प्रदर्शन किए गए। सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए मोर्चा द्वारा सत्याग्रह धरना तथा आंदोलन को जन अंदोलन बनाने का निर्णय लिया गया। धरने के दौरान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सत्यपाल सिंह यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पश्चिम क्षेत्र की सरकार द्वारा उपेक्षा की जाती है। सबसे अधिक टैक्स के रूप में धन इसी क्षेत्र से सरकार को मिलता है फिर भी इस क्षेत्र के बच्चों को न तो अच्छी शिक्षा मिल पाती है और न ही खेलों के लिए कोई सुविधा मिल पाती है। मोर्चा के केंद्रीय महासचिव कर्नल सुधीर कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश एक बड़ा प्रदेश होने के कारण यहां कानून व्यवस्था चरमराई हुई है। उन्होंने कहा इस क्षेत्र के नागरिकों को न्याय पाने के






लिए प्रयागराज जाना पड़ता है जो यहां से लगभग 700 किलोमीटर दूर है अतः यहां के लोगों को समय की बबार्दी तथा धन की बबार्दी से जूझना पड़ता है। इसके अलावा इस क्षेत्र में अच्छे सरकारी अस्पताल में होने के कारण लोगों को इलाज करने के लिए दिल्ली चंडीगढ़ तथा आनलाइन जाने कहां-कहां भटकना पड़ता है इस दौरान जिला अध्यक्ष राजेंद्र पाराशर ने कहा कि पश्चिम क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए खेलने के लिए मैदान तक नहीं है इस कारण यहां के खिलाड़ी अच्छे प्रदर्शन नहीं कर पाते शिक्षा संस्थान ने होने के कारण यहां के छात्रों को अन्य राज्यों में पढ़ने के लिए जाना पड़ता है पृथक राज्य बनने पर सारी सुविधाएं उन्हें यहीं पर मिल जाएंगे इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित लोगों में राजेंद्र पाराशर जिला अध्यक्ष, हरीश कश्यप जिला महासचिव गाजियाबाद आशु वर्मा किसान यूनियन जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी जिला अध्यक्ष महिला उषा करनवाल जिला उपाध्यक्ष भारत यादव आलोक शर्मा डीके शर्मा सोनू खान ओम प्रकाश सैना चौधरी ओमवीर सिंह रजापुर ललित शिवास सौरव अग्रवाल सौरव यादव महानगर अध्यक्ष सरोजबाला पंकज त्यागी संजय गिरी जगमोहन वर्मा ।

# गाजियाबाद के घर दबिश दी गई दबिश के दौरान 14 पेटी संतरा ब्रांड कि देसी शराब बरामद





संस्कार उजाला
**गाजियाबाद ( आशा चौधरी)**

उत्तर प्रदेश शासन ,आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश एवं संयुक्त आबकारी आयुक्त मेरठ जोन मेरठ के आदेश के क्रम में जिलाधिकारी गाजियाबाद के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी गाज़ियाबाद के नेतृत्व में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के क्रम में आज दिनांक 02/10/2024 को आबकारी टीम गाजियाबाद एंव गाज़ियाबाद पुलिस,थाना लोनी बॉर्डर की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना उपरांत अभियुक्ता बबीता पत्नी बबलू निवासी राहुल गार्डेन गली नंबर 10, बुद्ध बाजार रोड थाना लोनी बार्डर, गाजियाबाद के घर दबिश दी गई । दबिश के दौरान 14 पेटी संतरा ब्रांड कि देसी शराब हरियाणा राज्य में बिक्री के लिए अनुमन्य, 2 पेटियों ARISTROCRAT PREMIUM विदेशी मदिरा दिल्ली राज्य में बिक्री के लिए अनुमन्य , 2 अलग अलग थैलो में 10 पौवे NIGHT इछ्वए देसी शराब हरियाणा राज्य में बिक्री के लिए अनुमन्य एवं 67 पौवे दिलदार ब्रांड की देसी शराब उत्तर प्रदेश राज्य में बिक्री हेतु अनुमन्य बरामद हुई। *इस प्रकार कुल 161 लीटर (लगभग 17 पेटी) बरामद अवैध शराब को जब्त कर तथा अभियुक्ता को गिरफ़्तार कर थाना लोनी बॉर्डर में आबकारी अधिनियम की धारा 60, 63 के तहत अभियोग पंजीकृत कराते हुए जेल भेजा गया।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के सैकडो कार्यकर्ताओ ने कलेक्ट्रेट पर उपस्थित होकर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**

शहर में फैलने वाले ईसाई धर्मांतरण को तत्काल प्रभाव से रोका जाए और इसमें लिप्त सभी व्यक्तियों, पादरी अध्यापकों को तुरंत गिरफ्तार करके रासुका लगाई जाए ।गाजियाबाद में पिछले कुछ माह से ईसाई मिशनरियों द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर गुम रूप से प्रार्थना सभा, बीमारियों की दवाइयां और झाडफूंक द्वारा इलाज करने का लालच देकर तथा आर्थिक मदद का प्रलोभन देकर अपने ईसाई धर्म में शामिल करने का एक षडयंत्र रचित किया जा रहा है। पिछले 15 दिनों में तो मानो इसकी बाढ़ सी आ गई है ।पिछले सप्ताह बजरंग दल के कार्यकर्ता को ज्ञात हुआ कि सेवा नगर गाजियाबाद में एक मकान में गुप्त रूप से हिंदू परिवारों को ईसाई धर्म में परिवर्तित कराया जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद को सूचना मिलने पर वहां पर छापा मारा तो बड़ी संख्या में ईसाई लोग बाइबिल लेकर हिंदुओं को धमतिरण गतिविधियों में संलिप्त है। नंदग्राम पुलिस को सूचित करने पर उनके द्वारा कार्यवाही करके उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार ईसाई मिशनरी में मुख्य रूप से इंग्राहम इंस्टीट्यूट राजनगर, गाजियाबाद के पीटीआई जेराल्ड मैथ्यूज मैसी जो की डासना स्थित चर्च के पादरी भी है इससे यह भी सिद्ध हुआ कि इंग्राहम इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर श्री प्रकाश जेथरिक भी इसमें शामिल है। इससे यह भी लगता है कि एलआईयू इन सभी गतिविधियों से अनभिज्ञ था । इस संगठन की गतिविधियों से यह भी प्रतीत होता है कि पुलिस, प्रशासन, एलआईए इन सभी गतिविधियों से अनभिज्ञ




रहा। इंग्राहम के जेराल्ड मैथ्यूज, राजनगर के आशीष मसीह, मोदीनगर के रोहन, दीपक मसीह और सेवा नगर के रवि भी शामिल थे। इसके पश्चात भी इंडाहेडा में पिछले 6 महीने से एक परिवार के धमीतरण के उपरांत प्रत्येक रविवार को सभा करके मंतातरण करने की कोशिश का पदार्फाश हुआ है। इस मामले में दिल्ली के एक पादरी की मुख्य भूमिका है जो कि अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। इसमें भी एक स्कूल का नाम आया है जो कि एकता पब्लिक स्कूल है। स्कूलों के माध्यम से धर्मातरण का जो खेल खेला जा रहा है यह अत्यंत गंभीर विषय है। इंग्राहम स्कूल, राजनगर, इंडाहेडा में एकता पब्लिक स्कूल, नंदग्राम में सेंट जोसेफ अकैडमी, फातिमा मैरी कॉन्वेंट स्कूल, सेंट फ्रांसिस स्कूल, जीवन धारा स्कूल नई बस्ती, इसके अतिरिक्त अनेकों मिशनरी स्कूलों का संचालन नगर में किया जा रहा है जिसकी गतिविधियों की जांच होना अत्यंत आवश्यक है।इसके अतिरिक्त कुछ घटनाएं है जिससे इन ईसाई स्कूलों की मानसिकता का पता चलता है:. सजवान नगर में फादर जॉन के द्वारा बड़े पैमाने में घमतिरण कराया गया जिसमें उनकी गिरफ्तारी भी हुई थी। 2. गोबिंदपुरम के होली ट्रिनिटी चर्च स्कूल में विघालय में बच्चों द्वारा जय श्री राम लिखने पर उसके मुंह पर पेंट पोत दिया गया था। 3 रेयान इंटरनेशनल स्कूल डसना में बाइबिल की तैयारी कराकर परीक्षा कराने के आदेश पर हंगामा हुआ और परीक्षा रद्द कराई गई।जहां एक और सरकार द्वारा नेशनल एडुकेशन पॉलिसी 2020 की रचना करके देश में शिक्षा के स्तर को उच्च करना है वहीं इन धर्म परिवर्तन करने वाले संगठनों द्वारा देश को अलग तरीके से मैकाले पद्धति को लागू करना है। विश्व हिंदू परिषद गाजियाबाद महानगर उपरोक्त सभी कार्यों का तथा ईसाई धर्मातरण का पुरजोर विरोध करता है और ऐसा भविष्य में भी ना हो ऐसी कार्यवाही होने का आश्वासन चाहता है इसके सुधार के लिए हमारी निम्न मांगे है:1. ईसाईकरण को तुरंत प्रभाव से रोका जाए। उपरोक्त सभी स्कूलों की सघन जांच कराई जाए और उनके बैंक अकाउंट की भी जांच होनी चाहिए। ईसाई स्कूलों के अंदर बने चर्च को बंद कराया जाए। धर्मातरण की गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों, पादरी अध्यापकों को तुरंत गिरफ्तार करके रासुका लगाई जाए।5. इंग्राहम इंस्टीट्यूट, राज नगर के डायरेक्टर प्रकाश जेथरीक के खातों की भी जांच कराई जाए। इसमें मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के मेरठ प्रांत के मंत्री श्री राजकुमार डूंगर, महानगर अध्यक्ष आलोक गर्ग, प्रांत के गौरव सिंह, विवेक गोस्वामी, मंत्री अनिल कुमार, धर्म प्रसार प्रमुख डॉ सुरेंद्र गुमा, विभाग संगठन मंत्री साहिल, महानगर संगठन मंत्री मनीष , महानगर संयोजक प्रबल गुमा, सहसंयोजक अभिषेक भट्ट, मुदित शर्मा, अमन कुमार, मुदित गोयल, प्रचार प्रसार प्रमुख अम्वनी शर्मा, राजीव शर्मा, नवीन गौतम के साथ सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। अनिल रावत,आलोक गर्ग,अम्वनी शर्मा,अनिल रावत अध्यक्ष,प्रचार प्रसार प्रमुख,मंत्री विश्व हिंदू परिषद।

## संक्षिप्त डायरी

### भारतीय किसान यूनियन भानु की मासिक बैठक 02 अक्टूबर 2024 को राष्ट्रीय सचिव वरुण शर्मा जी के कार्यालय पर आयोजित की गई



संस्कार उजाला
माधव कुमार संवाददाता

गाज़ियाबाद। संगठन को मजबूत करने वह जनहित के मुद्दों पर पर चर्चा की गई मासिक बैठक की अध्यक्षता जिला सलाहकार सतीश त्यागी जी ने की जिसमें राष्ट्रीय महासचिव रुपेश त्यागी जी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे आज की बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक यादव जी ने कहा कि भारतीय यूनियन भानू के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता गांव गांव जाकर लोगों को जागरूव व संगठन को मजबूत करने का काम करें और मजबूती के साथ जनता व किसानों की आवाज को शासन व प्रशासन के सामने उठाने का कार्य करेंग, जिले में बहुत कार्य शासन प्रशासन की तरफ से कई बार कहने के बाद भी पेंडिंग पड़े हुए हैं जिसको लेकर जल्द ही नगर आयुक्त व जिला अधिकारी महोदय को ज्ञापन देकर फिर से अवगत कराया जाएगा आज की मीटिंग में राष्ट्रीय महासचिव रुपेश त्यागी राष्ट्रीय सचिव वरुण शर्मा राष्ट्रीय प्रचार मंत्री सतीश चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक यादव प्रदेश सचिव रितिक यादव प्रदेश सचिव रोबिन त्यागी युवा जिला अध्यक्ष शशांक सिंह जिला अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ शुभम त्यागी जिला अध्यक्ष मजदूर मोर्चा अमीरु जिला अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ संजय सिंह महानगर अध्यक्ष विजय सेन विधानसभा अध्यक्ष मनमोहन शर्मा तहसील अध्यक्ष प्रधान जिला उपाध्यक्ष राहुल शर्मा जिला सलाहकार सतीश चौधरी जिला महासचिव विधि प्रकोष्ठ प्रभात तिवारी भूपेंद्र शर्मा उपाध्यक्ष युवा धनंजय चौहान जिला सचिव युवा जयचंद प्रधान वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष छत्रपाल सिंह महेश कुमार सुधीर नवीन भारती सुमित भारद्वाज विजेंदर त्यागी चंद्रप्रकाश कंडेरे अजय कोहली अरुण मनीष गर्ग पुष्पेंद्र कुमार समेत समस्त गाजियाबाद की टीम मौजूद रही।

### स्कूलों में भी बच्चिया नहीं है सुरक्षित प्रिंसिपल समेत सभी आरोपियों की मांग पर अड़े अभिभावक ,बेटियों की सुरक्षा के दावे करने वालों ने भी नहीं मासूम बच्ची की सुध

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**

नेहरू नगर स्थित एसडी ग्लोबल स्कूल में पढ़ने वाली मासूम बच्ची के साथ अश्लील हरकत के मामले में पुलिस सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। जिसके कारण पीड़ित बच्ची के माता पिता सैकड़ो लोगो के साथ स्कूल के गेट पर धरना देकर बैठ गए थे। मंगलवार को भी पीड़ित बच्ची के अभिभावक धरने पर बैठे रहे। धरना स्थल पर राष्ट्रीय हिन्दू वीर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पण्डित सत्यम शर्मा अपनी टीम के साथ पहुंचे और धरने पर अभिभावकों के साथ ही बैठ गए। पं सत्यम शर्मा ने कहा कि ये बेहद शर्मनाक बात है कि शिक्षा के मंदिर से जुड़े लोग बच्चियों के साथ ऐसी हरकतें करते हैं। बावजूद इसके कि पुलिस उन्हें गिरफ्तार करे, पुलिस की शह पर आरोपी खुले घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी राष्ट्रीय हिन्दू वीर सेना इस लड़ाई में अभिभावकों के साथ और पीड़ित बच्ची के साथ खड़ी है। राष्ट्रीय हिन्दू वीर सेना ने मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भी भेजा है। उन्होंने इस धरने को गिरफ्तारी न होने तक अनिश्चितकाल तक चलाने की चेतावनी भी दी है। बच्ची के माता पिता ने बताया है कि स्कूल वाले दबाव बनाने का प्रयास भी कर रहे हैं। लेकिन हम ये लड़ाई अपनी और बाकी सभी बच्चियों के लिए लड़ेंगे जिससे किसी भी बच्ची के साथ ऐसी हरकत न हो। वहीं इस पूरे मामले में बेटियों की सुरक्षा पर बड़े बोल बोलने वाले किसी नेता ने भी पीड़ित बच्ची या धरने पर बैठे लोगों की सुध नहीं ली है। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की चुप्पी भी पुलिस प्रशासन पर सवालिया निशान लगा रही है।

# भाकियू गन्ना समिति के चुनाव में निभाएगी अहम रोल !

**गन्ना समिति के चुनाव की तैयारियों को लेकर भाकियू की हुई गोपनीय बैठक,मोचार्बंदी शुरू**

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद( आशा चौधरी)**

जनपद गाजियाबादे में गन्ना समिति के चुनाव को लेकर बड़े स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई है। इसके लिए जगह- जगह गांवों में प्रत्याशी किसानों से सम्पर्क में जुट गए है। मोदीनगर चीन मिल के गन्ना चेयरमैन पदे की दौड़ में कई दिग्गज मैदान में है। इसके अलावा डायरेक्टर और डेलीगेट पद के लिए भी अपने -अपने स्तर पर लोगे तैयारियों में जुटे हुए है। और समिति के इस चुनाव को लेकर अलग -अलग खेमों में मोचार्बंदी शुरू हो गई है। वही गन्ना समिति के चुनाव में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) भी अहम रोल निभाने के मूड में दिख रही है। सूत्रों की माने तो इस चुनाव को लेकर पूर्व में भी भाकियू की कई अहम बैठक हो चुकी है। विश्वशनीय सूत्रों से ज्ञात हुआ कि सोमवार को भी भाकियू के राष्ट्रीये सचिव चौधरी ओमपाले सिंह के आवास पर जिले के मुख्य मुख्य



पदाधिकारियों की एक बैठक हुई है। जिसमें मुख्य रूप से गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ,युवा जिला अध्यक्ष छोटे चौधरी ,यशवीर सिंह ,महेश यादव आदि पदाधिकारियों ने बैठक कर आगामी रणनीति बनाई है।माना जा रहा है कि भाकियू जल्द ही अपने अन्य मुख्य पदाधिकारियों संग महत्वपूर्ण बैठक करे बड़ा निर्णय लेगी। भाकियू के राष्ट्रिय सचिव ओमपाल सिंह से जब इस बाबत बात की गई तो उन्होंने गोल-मोल जवाब देते हुए, बात को टाल दिया। लेकिन इशारों ही इशारों में उन्होंने कहा कि किसान एकजुट होकर इस चुनाव में मतदान करेगा। और किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता पर रखने वाले लोगों को महत्वपूर्ण पदों पर बैठाया जायेगा। जिलाध्यक्ष बिजेंद्रे सिंह ने कहा कि किसानों को एकजुट होकर ही रहना चाहिए और समय भी है, जब वह अपनी समस्याओं को प्राथमिकता देने वालों को सहयोग कर सकते है। युवा जिला अध्यक्ष छोटे चौधरी ने कहा कि हम और हमारी टीम हमेशा संगठन के साथ है, और जैसा भी भारतीय किसान यूनियन के उच्च पदाधिकारी निर्देश देंगे, उसका शत प्रतिशत पालन किया जायेगा।

# महात्मा गांधी जयंती पर सेवा पखवाड़ा के समापन पर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने लोहिया नगर में स्थित गांधी पार्क में स्वच्छताअभियान अभियान चलाया।

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** पार्क में स्थित गांधी की प्रतिमा को भी साफ सुथरा किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर सेवा पखवाड़े के अंतर्गत मंगलवार 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती पर महानगर गाजियाबाद में विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसी श्रृंखला में प्रातः 10 बजे गांधी पार्क मे सघन सफाई अभियान चलाया गया। इसी दौरान स्वच्छता अभियान में पहुंचे केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा, योगी सरकार के केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा , विधायक अजीत पाल त्यागी ने पार्क में स्थित महात्मा गांधी की मूर्ति की साफ सफाई कर पुष्पांजलि अर्पित की तथा सघन स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर महानगर पदाधिकारी, मण्डल,मोर्चा सहित बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता स्वच्छता अभियान में सम्मिलित रहे। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी का जन्मदिवस हम आज राष्ट्रीय पर्व के तौर पर मना रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी आज के दिन को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस घोषित कर रखा है। उन्होंने सत्य-अहिंसा के पथ पर चलकर देश को आजाद कराने में महत्वपूर्ण निर्णायक योगदान दिया। महात्मा गांधी ने कहा था कि अहिंसा सबसे बड़ा कर्तव्य है यदि हम इसका पालन नहीं कर सकते हैं तो हमें इस की भावना को अवश्य समझना चाहिए। जहां तक संभव हो तो हिंसा से दूर रहकर मानवता का पालन करना चाहिए। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि देश के सर्वाधिक लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन को 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में बड़े जोश, परिश्रम और समर्पण के साथ सभी कार्यकताओं ने एक पर्व के रूप में मनाया। आज स्वच्छता अभियान के तहत गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती की पावन बेला पर महापुरुषों की प्रतिमा की साफ सफाई कर स्वच्छ भारत दिवस मनाया जा रहा है। संजीव शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी को याद कर हम सभी को उनके बताए रास्तों पर चलने का संकल्प लेना है, उनके बलिदान और अहिंसा की नीति के कारण आज पूरी दुनिया इस खास दिन को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाती है। पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कार्यक्रम का समापन किया। इस दौरान पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, पूर्व दर्जा प्राप्त








राज्य मंत्री बलदेव राज शर्मा, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष अमर दत्त शर्मा, विजय मोहन, सरदार एसपी सिंह, महेश अग्रवाल, पूर्व डिप्टी मेयर राजेश्वर प्रसाद, पवन गोयल, अशोक मोंगा अनिल स्वामी,वीरेश्वर त्यागी, महामंत्री सुशील गौतम, बॉबी त्यागी, रनिता सिंह, संदीप त्यागी, कुलदीप त्यागी, संजीव झा, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, अमित प्रताप, करण शर्मा, वीरेंद्र सारस्वत आदि मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011